नई दिल्ली
गुरुवार, 30 मई 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 49
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 52
न्यून. 46


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने पहले दौर में ह्यूजेस हर्बर्ट को हराया

### भारतीय राजदूत अरुण कुमार चटर्जी से हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

# भारतीय राजदूत बोले- तनाव जरूर था लेकिन हमारे देश के किसी छात्र के साथ कुछ नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

किर्गिस्तान में किसी भारतीय छात्र के साथ कोई घटना या हिंसा नहीं हुई। यह देश हमेशा से भारतीयों के लिए सुरक्षित रहा है। हमेशा सुरक्षित ही रहेगा, यह मैं भरोसा दिलाता हूं। यहां की पुलिस, यहां का प्रशासन सब भारतीयों के लिए दोस्ताना हैं। ऐसे में कोई खतरा हमें महसूस नहीं होता। यह बातें किर्गिस्तान में भारतीय राजदूत अरुण कुमार चटर्जी की हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि किर्गिस्तान हमेशा से भारत के लिए सुरक्षित रहा है। किसी भी विद्यार्थी के पालकों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। प्रस्तुत हैं चर्चा के प्रमुख अंशः

**किर्गिस्तान के लोग भारतीय संस्कृति से प्यार करते हैं, यहां किसी को कोई परेशानी नहीं है**



## उनसे सीधी बात

▶▶ कितने तनाव में हैं और कितने परेशान हैं आप?

▶▶ किसी भी तरह के तनाव में फिलहाल नहीं हैं। इस समय स्थिति बिलकुल सामान्य है।

▶▶ अगर तनाव नहीं है तो भारत में 17 हजार विद्यार्थियों के मां-बाप परेशान हो गए, आखिर कारण क्या रहा?

▶▶ जब 13 मई को घटना घटी उसका तो पता नहीं चला, लेकिन 17 मई को जब घटना हुई तो हमारे पास खबर आई कि शहर में स्थिति नाजुक बनी हुई है। हमें जानकारी मिली पहले 13 मई को जो घटना घटी थी, उससे इस घटना का संबंध है। बाद में सोमवार, मंगलवार तक स्थिति काबू में आ गई। हमारी लगातार स्थानीय प्रशासन से बात होती रही। उन्होंने हमसे कहा, देखिए चिंता न करें, हम सारे बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखे हुए हैं। लेकिन हुआ यह कि सोशल मीडिया में तरह की सूचनाएं आई इसके कारण भारत में विद्यार्थियों के परिजनों को चिंता हुई। हमारे पास भी भारत से फोन आने लगे। पहले हमारे पास एक नंबर था, ज्यादा फोन आने लगे तो एक और नंबर दिया गया। इन लाइनों से हम लगातार छात्रों और उनके परिजनों के संपर्क में बने रहे।

▶▶ स्थानीय प्रशासन का दावा है एक भी मौत नहीं हुई है, किसी का रेप नहीं हुआ है, किसी भारतीय को कोई चोट नहीं आई है जो भी 29 घायल हुए हैं वो दूसरे देशों के है, कितनी सच्चाई है इन दावों में?

▶▶ हमारे पर ऐसी कोई सूचना नहीं आई है कि किसी भारतीय के साथ कुछ हुआ है। हमारे पास जो खबर आई उसमें भी यही था कि हमारे विद्यार्थियों के साथ कुछ नहीं हुआ है वो सभी सुरक्षित हैं। बच्चे हमें फोन करते थे, वो पैनिक थे। हमें जानकारी मिलती थी कि कोई परेशानी में है तो हम लोकल प्रशासन को ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इंडिगो ने महिला यात्रियों को दिया बड़ा तोहफा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने महिलाओं के लिए एक नया फीचर लॉन्च किया है। इस फीचर के जरिये महिलाएं वेब चेक-इन के समय उन सीटों के बारे में जान सकती हैं जो अन्य महिला यात्रियों द्वारा पहले ही बुक की जा चुकी हैं। ताकि वह महिला के बगल वाली सीट बुक कर सकें। एयरलाइन ने मार्केट रिसर्च करने के बाद यह फीचर शुरू किया है।



### प्रज्वल रेवन्ना ने मांगी अग्रिम जमानत

**बेंगलुरु।** कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने भारत लौटने से पहले ही अग्रिम जमानत की अर्जी दी है। दो दिन पहले जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित सांसद प्रज्वल ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा था कि वह 31 मई को विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होंगे।



### बृजभूषण के कॉलेज की कार ने 2 को रौंदा, मौत

**गोंडा।** भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के कॉलेज की फॉर्च्यूनर ने गोंडा में 2 बाइक सवारों को रौंद दिया। कार ने सड़क किनारे बैठी महिला को भी टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि फॉर्च्यूनर कार जिस काफिले में थी, उसमें भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह भी थे।



### इस मौसम में दिल्ली का सबसे ज्यादा तापमान

# दिल्ली में बरस रही आग, पारा पहुंचा 52.9 डिग्री के पार, दूभर हुआ जीना

**आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख ने दी खबर**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऐसा लग रहा है जैसे दिल्ली में आग बरस रही है। बुधवार को राजधानी में पारा 52 डिग्री सेल्सियस पार दर्ज हुआ। दिल्ली के मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि नजफगढ़ में 49.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। लोग मजबूरी में ही घरों से निकल रहे है। दोपहर के समय सड़कों पर वाहनों की संख्या बहुत कम देखने को मिल रही है। सड़क पर दूर दूर तक लहराती मृग मरीचिका बता रही है कि दिल्ली में आसमानी आफत बरस रही है।

वहीं दिल्ली का औसत तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम में दिल्ली का सबसे ज्यादा तापमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि दोपहर बाद मौसम ने करवट लेनी शुरू की और चार बजे के करीब आसमान पर बादलों का कब्जा होने से राहत महसूस हुई। तेज धूल भरी आंधी और कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को राहत प्रदान की। प्रादेशिक ▶▶ शेष पेज 5 पर



**पानी की बर्बादी पर लगेगा 2 हजार का जुर्माना**

जल संकट के बीच दिल्ली सरकार ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए बड़ा ऐलान किया है। दिल्ली में अब यदि कोई पानी को बर्बाद करता हुआ पाया गया तो उससे 2000 रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा। जुर्माना वसूली के लिए गुरुवार से 200 टीमों को तैनात किया जाएगा।

**हल्की बारिश से मिली थोड़ी सी राहत**

प्रचंड गर्मी के बीच बुधवार शाम को हुई हल्की बारिश से लोगों को राहत मिली। रिमझिम बारिश हुई, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। नोएडा और गाजियाबाद सहित एनसीआर के कुछ अन्य हिस्सों में भी हल्की हवा से रिमझिम बारिश हुई। वहीं, हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे इलाकों में काले बादल छाए हुए हैं और तेज हवा चल रही हैं।



**कुछ दिन बाद मिलेगी राहत**

एक दशक में राजधानी के तापमान में औसतन सात डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। 2014 की मई में अमूमन 30-33 डिग्री तक गर्म रहने वाली दिल्ली मई में 40 डिग्री तक गर्म है। मौसम विभाग अभी राहत की भी कोई खबर नहीं दे रहा है। पूर्वानुमान है कि जून के पहले सप्ताह तक दिल्ली 40 डिग्री से ऊपर की तपिश झेलती रहेगी। इसके बाद ही गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

**उत्तर पश्चिम भारत में हीटवेव के हालात**

*उत्तर पश्चिम भारत में बुधवार को हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। तापमान 45 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज भी पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा सहित कई राज्यों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार को भी मंगलवार की तरह अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया है।*

**चुरू में 50 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज**

*मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर के जेनामणि ने बताया कि मंगलवार को राजस्थान के चूरू में 50 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज किया गया था। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री के ऊपर है। पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा में भीषण गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है।*

**आज से सुधार के संकेत**

*गुरुवार से स्थिति थोड़ी सुधर सकती है। 24 घंटे में मानसून केरल में दस्तक दे सकता है। अरब सागर से उठने वाली हवा के कारण उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री की कमी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते तापमान में कमी आएगी।*

### मणिशंकर के बयान पर बोले भाटिया

# चीन का 'कथित' हमला बताने पर जवाब दें खरगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बुधवार को केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा भारत-चीन युद्ध को चीन का "कथित" हमला बताए जाने पर जोरदार निशाना साधा। भाटिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मणिशंकर अय्यर के बयान पर जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना दस वर्षों का रिपोर्ट जनता के समक्ष रख रहे हैं और जनता ने एनडीए को 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का मन बना लिया है, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी देश विरोधी, सेना का मनोबल तोड़ने वाले और जनता के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला बयान दे रही है। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने हाल में ही कहा है कि "कथित तौर पर" 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया। मणिशंकर अय्यर का ये बयान कोई चुनाव को देखते हुए दिया हुए चीन प्रेम को जाहिर करने वाला साधारण बयान नहीं है।



**चीन युद्ध में शहीद जवानों का अपमान**

*ये बयान भारत की अखंडता पर चोट है और तिरंगे के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले हर सैनिक का अपमान है। 1962 के भारत चीन युद्ध में लगभग तिरंगे के लिए आखिरी सांस तक लड़ते हुए 1400 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, 1047 सैनिक घायल हुए, 1700 सैनिक लापता हुए एवं 4000 सैनिक युद्धबंदी बने लेकिन कांग्रेस के अनुसार ये एक "कथित" आक्रमण था। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि मणिशंकर अय्यर की इस गद्दार वचन के पीछे की जहरीली सोच राहुल गांधी से प्रेरित है, जो राहुल गाँधी डोकलाम के समय चीनी दूतावास में नूडल्स खा रहे थे। कुछ दिन पहले मणिशंकरअय्यर ने ही पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने का धमकीभरा बयान दिया था। श्री भाटिया ने सवाल पूछे कि चुनाव के समय कांग्रेस के टावर से दोनों शत्रु देशों को सिग्नल क्यों दिए जा रहे हैं? क्योंकि कांग्रेस को अपनी करारी हार की आशंका हो चुकी है और इसीलिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता से हटाने के लिए पाकिस्तान से हस्तक्षेप करने की मांग करने वाले मणिशंकर अय्यर अब चीन से सहायता मांग रहे हैं। लेकिन देश की जनता ने चुनाव के सातवें चरण में इस भारत विरोधी टावर को ही उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।*

### रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे

# जबलपुर से मुंबई हवाई सेवा जल्द - सिंधिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आगामी जुलाई से इंडिगो एयरलाइंस जबलपुर और मुंबई के बीच नियमित सीधी उड़ानें शुरू करेगी। यह नई सेवा जबलपुर में विकसित हो रहे आईटी उद्योग को बढ़ावा देगी और पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। यह उड़ानें जबलपुर के लिए एक महत्वपूर्ण विकास हैं, जो शहर को देश के वाणिज्यिक केंद्र मुंबई से जोड़ेंगी। इससे न केवल व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि जबलपुर में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक ट्वीट के माध्यम से सूचित किया गया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय जबलपुर से हवाई सेवाओं की निरंतरता और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### क्रूज की छत पर की पार्टी

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी-2 शुरु



एजेंसी ▶▶ पालेर्मो

मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की सेकंड प्री-वेडिंग सेरेमनी बुधवार से शुरू हो चुकी है। चार दिनों तक चलने वाली इस सेरेमनी की शुरुआत इटली में हुए वेलकम लंच से शुरू हुई। यह लंच इटली के शहर पालेर्मो में दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से लेकर शाम 7:30 बजे) तक चलेगा। लंच के बाद सभी मेहमान क्रूज पर सवार हुए और शाम 6:30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 10 बजे) से क्रूज पर स्टार नाइट सेलिब्रेट किया गया। इस पार्टी में सभी मेहमानों ने क्रूज की छत पर खुले आसमान और सितारों के नीचे पार्टी की।

## हम जांच के लिए स्पेशल कमेटी का गठन करेंगे: पीएम मोदी

**सीएम के कांपे हाथ, पीएम बोले-नवीन बाबू की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षडयंत्र तो नहीं**



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए सीएम नवीन पटनायक की बिगड़ती सेहत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नवीन बाबू के सभी शुभचिंतक बहुत चिंता में हैं। वे ये देखकर बहुत परेशान हैं कि बीते एक साल में नवीन बाबू की तबीयत अचानक कैसे इतनी बिगड़ गई। उनके करीबी जब मुझसे मिलते हैं तो नवीन बाबू की तबीयत की चिंता करते हैं। वे बताते हैं कि नवीन बाबू खुद से कुछ कर नहीं पा रहे हैं। उनके करीबी रहे लोगों का मानना है कि उनकी तबीयत बिगड़ने के पीछे कोई साजिश भी हो सकती है। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह सवाल है कि क्या उनकी तबीयत खराब होने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चुनाव आयोग से शिकायत करेगी टीएमसी**

# पीएम मोदी का लाइव टेलीकास्ट दिखाने पर ममता ने दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी चेतावनी दी है कि अगर कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान लगाने का प्रसारण टेलीविजन पर किया गया तो चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की जाएगी। ममता ने दावा किया है कि यह स्पष्ट रूप से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

बता दें कि पीएम मोदी 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे।



फाइल फोटो

उन्होंने सवाल पूछा कि क्या ध्यान लगाते समय किसी को कैमरों की जरूरत होती है? ममता ने दावा किया कि पीएम मोदी हर बार चुनाव के आखिरी चरण से पहले 48 घंटे के लिए ध्यान लगाने चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में भी चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री केदारनाथ की गुफा में ध्यान में चले गए थे। बंगाल में भाजपा द्वारा सबसे बेहतर प्रदर्शन के दावे को भी खारिज कर दिया।

**राज्यसभा सांसद सिब्बल ने कसा तंज**

राज्यसभा सांसद और पूर्व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर पीएम वहां प्रायश्चित करने जा रहे हैं, तो अच्छा है क्योंकि जिस इंसान को विवेक का अर्थ ही नहीं पता, वह क्या ध्यान लगाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 57 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होना है।

*84 वर्ष बाद संघ शिक्षा वर्ग की व्यवस्था और नाम में किए कई अहम बदलाव, संघ प्रमुख भागवत का 4 दिन का भोपाल में प्रवास*

# संघ अब 'नए पैटर्न' से तैयार करेगा स्वयं सेवक

**अब 4 की जगह आयोजित किए जाएंगे 5 वर्ग, दिनों में भी हुआ बदलाव**

**चारों प्रांतों से कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 में कुल 382 शिक्षार्थी आए**

दीपेश कौरव ▶▶ भोपाल

विशेष खबर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अब नए पैटर्न से स्वयं सेवक तैयार करेगा और इन्हें प्रशिक्षण देगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 84 वर्ष बाद संघ शिक्षा वर्ग की व्यवस्था और नाम में अहम बदलाव किया है। अब तक जहां संघ के चार प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाते थे, वह अब पांच होंगे। क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 5 पर





**भोपाल में आयोजित किया जा रहा है 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1'**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' का आयोजन 24 मई से भोपाल के शारदा विहार परिसर में किया जा रहा है। संघ की रचना में मध्य क्षेत्र में चार प्रांत हैं- छत्तीसगढ़, महाकौशल, मालवा और मध्यभारत। इन चारों प्रांतों से कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 में कुल 382 शिक्षार्थी आए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ से 78, महाकौशल से 85, मालवा से 118 और मध्यभारत से 97 चयनित स्वयंसेवक शामिल हैं। वर्ग के संचालन के लिए 19 अधिकारियों की संचालन टोली है। विभिन्न विषयों पर अखिल भारतीय, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय अधिकारी भी शिक्षार्थियों का प्रबोधन करेंगे।

## चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

# मधु विहार: आग लगने से निगम पार्किंग में 16 कारें जलकर खाक

हरिभूमि/एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के मधु विहार में नगर निगम द्वारा संचालित पार्किंग क्षेत्र में पिछली रात आग लगने से 16 कार जलकर खाक हो गयीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना की सूचना देर रात एक बजकर 17 मिनट पर मिली और इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। उनके अनुसार दमकल की नौ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में मामला दर्ज किया है तथा जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों ने बताया कि ये कार स्थानीय लोगों की थीं जो किराये पर पार्किंग क्षेत्र में अपने वाहन खड़ा करते हैं। पहले अधिकारियों ने बताया था कि आग लगने की घटना में 17 कार जलकर खाक हो गयीं, लेकिन बाद में मधु विहार के थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने इस बात की पुष्टि की कि इस आग में 16 वाहन जल गये। डीएफएस अधिकारी यशवंत मीणा ने बताया कि कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए लेकिन हमने बाकी को बचा लिया। घटना में कोई नहीं झुलसा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऐसा संदेह है कि यह घटना पार्किंग क्षेत्र में झाड़ियों में आग लगने के कारण हुई होगी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्वा गुप्ता ने कहा कि यह पार्किंग केंद्र दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय के समीप है। इस घटना में 16 चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गये जो पार्किंग में खड़े थे। बाकी गाड़ियों को नुकसान होने से बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है तथा अब तक आग का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।उन्होंने कहा कि अपराध (जांच) दल को निरीक्षण के लिए घटनास्थल पर बुलाया गया। भारतीय दंड संहिता की धाराओं 285 और 336 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा जांच शुरू की गयी है। एक अधिकारी ने बताया कि इस पार्किंग केंद्र में 100 से अधिक कार खड़ी थीं लेकिन पुलिस एवं अग्निशमन विभाग ने बाकी गाड़ियों को जलने से बचा लिया। उन्होंने कहा कि आपात फोन कॉल आने के बाद हमारी टीम ने तत्परता से काम किया। हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाने की थी। उन्होंने कहा कि अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंचा और तत्काल आग बुझाने में जुट गया। उन्होंने कहा कि एक दमकल वाहन ने उन कारों पर पानी छिड़कना शुरू किया जिनमें आग नहीं लगी थी। दूसरा वाहन आग की लपटों को बुझाने में लग गया।

### चांदनी चौक: आग लगने से पांच दुकानें जली

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एक अन्य घटना में उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक में आग लगने से पांच दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयीं। डीएफएस के एक अन्य अधिकारी के अनुसार, फतेहपुरी मस्जिद के समीप आग लगने के बारे में तड़के तीन बजकर 12 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की आठ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

### मालिकों को क्षतिपूर्ति दे निगम : भाजपा

इस बीच, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता शंकर कपूर ने एक बयान में दिल्ली नगर निगम पर मधु विहार पार्किंग स्थल में आग की घटना के सिलसिले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया एवं कहा कि चूंकि वहां मूलभूत अग्निशामक उपकरण नहीं लगाया गया था, इसलिए यह घटना घटी। कपूर ने मांग की कि जो वाहन आग में जल गये, उनके मालिकों को निगम क्षतिपूर्ति दे। उन्होंने यह भी मांग की कि शहर में इस चिलचिलाती गर्मी के मद्देनजर सभी पार्किंग ठेकेदारों को ऐसे सुविधा केंद्रों पर मूलभूत अग्निशामक उपकरण लगाने का तत्काल निर्देश दिया जाए ताकि किसी भी सुरक्षा संबंधी बड़े हादसे को टाला जा सके।

### बीड़ी या सिगरेट से लगी होगी आग : निगम

शाहदरा साउथ जोन के विनोद नगर के सरस्वती कुंज में पार्किंग स्थल पर आग लगने की घटना के संबंध में दिल्ली नगर निगम प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को एमसीडी अधिकारियों के निरीक्षण में पाया गया कि आग की घटना के कारण 17 कारें प्रभावित हुईं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की घटना पार्किंग स्थल के अंतिम छोर पर हुई जो एक चौड़े और गहरे नाले के करीब है। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने संभावना जताई है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि फुटपाथ पर किसी राहगीर ने जलती हुई सिगरेट/बीड़ी की तीली सूखे नाले में फेंक दी होगी जिससे नाले के सूखे पत्तों और पत्तियों में आग लग गई। भीषण गर्मी के कारण आग पार्किंग स्थल की सीमा तक पहुंच गई। अग्निशमन कर्मियों के पहुंचने पर आग पर काबू पा लिया गया।

## एमसीडी ने आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों को जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने स्वास्थ्य केंद्रों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए परामर्श जारी करते उन्हें अग्निशमन उपकरणों के निरीक्षण, विद्युत लोड के ऑडिट तथा गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में स्वचालित छिड़काव उपकरण (स्प्रिंकलर) लगाने जैसे कदम उठाने का निर्देश दिया है। निगम ने इन स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को 31 मई तक कार्रवाई रिपोर्ट भी देने को कहा है। पूर्वी दिल्ली के एक निजी शिशु अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से छह नवजातों की मौत की पृष्ठभूमि में यह परामर्श जारी किया गया है। नगर निगम ने उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। एमसीडी की ओर से जारी परामर्श के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्रों को नियमित रूप से अग्निशमन उपकरणों जैसे अग्निशामक यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी उपकरण कार्यशील हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि निर्माण और साज-सज्जा में प्रयुक्त सामग्री की जांच की जानी चाहिए, ताकि ज्वलनशील सामग्री की पहचान की जा सके और उसके स्थान पर अग्नि-रोधी सामग्री लगाई जा सके। परामर्श में कहा गया है, "अस्पतालों एवं स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारी अभियांत्रिकी विभाग के साथ मिलकर इन निर्देशों का अवश्य पालन करें, ताकि अस्पतालों एवं अन्य स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में आग लगने की घटनाएं रोकी जा सकें।" उसमें कहा गया है कि स्वास्थ्य केंद्रों को अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों का रखरखाव एवं परीक्षण करने का निर्देश दिया जाता है। उन्हें यह भी निर्देश है कि वे विद्युत लोड का ऑडिट कराएं ताकि वे सुरक्षा मानकों पर खरा उतरें एवं भारतीय राष्ट्रीय विद्युत संहिता-2023 के मुताबिक ओवरलोड की समस्या भी पैदा न हो। निगम ने इन अस्पतालों से कहा कि जहां ऑक्सीजन के टैंक रखे हैं, वहां तथा पाइप वाली ऑक्सीजन आपूर्ति की स्थिति में भी कठोर धूम्रपान निषेध नीति का पालन किया जाए तथा उष्मा संबंधी स्रोतों पर नियंत्रण रखा जाए। निगम ने अस्पतालों को आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर समेत सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर स्वचालित छिड़काव उपकरण लगाने का निर्देश दिया है। उसने उन्हें आग की स्थिति को ध्यान में रखकर समग्र निकास योजना एवं मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने एवं उन्हें लागू करने का भी निर्देश दिया है।

## एबीवीपी जेएनयू ने हत्या के विरोध में आइसा का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने 29 मई को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के साबरमती ढाबा पर आइसा (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) का पुतला जलाया। एबीवीपी का यह प्रदर्शन पटना में आइसा कार्यकर्ता चंदन के नेतृत्व में आइसा कार्यकर्ताओं द्वारा एक छात्र कार्यकर्ता हर्ष की हत्या के विरोध में आयोजित किया गया था। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने "सुरक्षित एवं हिंसा रहित कैंपस" की मांग की और हर्ष की हत्या की कठोर निंदा की, एवं दोषी आइसा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की मांग की। एबीवीपी जेएनयू के अध्यक्ष राजेश्वर दुबे और एबीवीपी जेएनयू इकाई की मंत्री शिखा स्वराज ने कहा कि हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और यह सुनिश्चित करने की मांग करते हैं, कि विश्विद्यालय कैंपस सुरक्षित और हिंसा मुक्त रहें।


## गुमशुदा की तलाश



अरविन्द

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम:** अरविन्द, **पुत्र:** राजा, **पता:** गांव–अलीमटोला बढहरिया, सिवान, बिहार, **लिंग:** पुरूष, **उम्र:** 35 साल, **कद:** 5'7", **रंग:** गेहुंआ, **पहचान चिन्ह:** गूंगा एवं बहरा, **पहनावा:** हरी कमीज, नीली लोअर एवं पैरों में लाल हवाई चप्पल पहने है, जो बवाना एरिया, दिल्ली से दिनांक 05.0.52024 से लापता है। इस संदर्भ में **DD No.45A, दिनांक 15.05.2024,** थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना: बवाना, दिल्ली
फोन: 011-27751949
DP/6177/ON/2024



## AAR SHYAM INDIA INVESTMENT COMPANY LIMITED

CIN:L67120DL1983PLC015266
Regd. Office: Space No. 920, Kirti Shikhar Building, District Centre,Janakpuri B-1, New Delhi-110058
Tel:011-45626909, Email:info@aarshyam.in

Extract of statement of Audited Results for the quarter and year ended on 31st March , 2024
(Rs.in lakhs except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ending / current year ending | Year to date Figures/ Previous Year ending | Corresponding 3 months ended in the previous year |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 7.40 | 27.71 | 15.78 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extra-ordinary items) | (1.10) | (38.51) | 12.91 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.10) | (38.51) | 12.91 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.10) | (38.51) | 12.36 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]* | (1.10) | (38.32) | 9.89 |
| 6 | Equity Share Capital | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) ** | 72.81 | 72.81 | 111.11 |
| 8 | Earning Per Share (Rs) (Face Value Rs. 10) | | | |
| | 1 Basic | (0.04) | (1.28) | 0.41 |
| | 2 Diluated | (0.04) | (1.28) | 0.41 |

Notes
a) The above is an extract of the detailed format of quarterly audited results filed with the stock exchnage under regulation 33 of SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirement) Regulation, 2015. The detailed quarterly results and this extract were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on 29.05.2024. The full format of the Quarterly results are available on company's website www.aarshyam.in and on Stock Exchange website www.bseindia.com

On behalf of the Board of Directors
M/s AAR Shyam India Investment Company Limited
Sd/-
Sanyam Tuteja
Whole Time Director
DIN: 08139915

Place: New Delhi
Date : 29.05.2024


## गिरफ्तारी के खिलाफ बिभव की याचिका पर सुनवाई कल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। कुमार ने अपनी 'अवैध' गिरफ्तारी के लिए 'उचित मुआवजे' और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल 'दोषी' अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की। सोमवार को कुमार की जमानत याचिका को एक सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मालीवाल की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराने में कोई 'पूर्व नियोजित मंशा' नहीं थी और उनके आरोपों को 'खारिज नहीं किया जा सकता।'

## दुकान में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में बुधवार को सुबह 32 वर्षीय एक व्यक्ति की उसकी दुकान में दो लोगों ने गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक की पहचान हर्ष विहार निवासी सूरज के रूप में की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूरज वेलकम के कबीर नगर में अहलावत बिल्डिंग के पास नल फिटिंग और पॉलिश की एक छोटी सी दुकान चलाता था। घटना सुबह आठ बज कर करीब 40 मिनट के आसपास हुई जब दो लोग उसकी दुकान में घुसे और उसे गोली मार दी। उन्होंने बताया कि मृतक को चार गोलियां लगी हैं। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी स्कूटर पर आए थे। मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट में मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके।




कोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा एवं सुगम्यता समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजीव शकधर और समिति के सदस्यों- न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति संजीव नरूला, न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया के अलावा अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में इस सुविधा की शुरुआत की। न्यायाधीशों ने वाई-फाई सुविधा के अलावा कई अन्य सुविधाओं की भी शुरुआत की, जिसमें हाईकोर्ट की नई वेबसाइट शामिल है।


## एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली–110001, भारत, सम्पर्क : 011-49954225,
Website: www.fmecinternational.com Email: fmecinternational@gmail.com CIN- L65100DL1993PLC053936

31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अअंकेक्षित/अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (समीक्षाकृत) | समाप्त तिमाही 31.03.2023 (समीक्षाकृत) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 207.19 | 40.06 | 373.39 | 104.62 |
| कर से पूर्व लाभ | 17.82 | 18.49 | 103.77 | 33.18 |
| कर के बाद लाभ | 13.27 | 9.89 | 77.60 | 24.58 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 13.27 | 9.89 | 77.60 | 24.58 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 889.18 | 310.07 | 889.18 | 310.07 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | 338.01 | 57.44 |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक के) बेसिक (रु.) | 0.1492 | 0.3189 | 1.1301 | 0.7926 |
| डायल्यूटिड (रु.) | 0.1492 | 0.3189 | 1.1301 | 0.7926 |

**टिप्पणी** : उपरोक्त 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का एक सार है, जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 29.05.2024 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये, जोकि वैधानिक अंकेक्षक द्वारा एक ऑडिट के अधीन है और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये।

बोर्ड के आदेशानुसार एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
(अपूर्व बंसल) प्रबंध निदेशक
निवासी : ए–708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली–110092

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29.05.2024


## आबकारी नीति मामले में दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे सीएम!

# केजरीवाल की जमानत अवधि बढ़ाने संबंधी याचिका तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ जांच कराने के लिए सात दिन तक बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से बुधवार को इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने याचिका स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि चूंकि केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए निचली अदालत जाने की छूट दी गई है तो यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर संज्ञान लिया और कहा कि अंतरिम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) फैसला ले सकते हैं क्योंकि मुख्य मामले में फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि उनका वजन अचानक कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर 'बहुत अधिक' है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। उन्होंने इसके मद्देनजर 'पैट-सीटी स्कैन' सहित कुछ चिकित्सीय जांच कराने के लिए अपनी अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा है कि वह जेल लौटने के लिए न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि दो जून के बजाय नौ जून को आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि केजरीवाल दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। इसके एक दिन पहले एक जून को, लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। केजरीवाल के खिलाफ मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और उसे क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है।

### कानूनी तंत्र के साथ खिलवाड़ बंद करें केजरीवाल : सचदेवा

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल के कानूनी तंत्र के साथ खिलवाड़ बंद करने का समय आ गया है, चाहे वह कितनी भी कोशिश करे, लेकिन 2 जून जेल जाना पड़ेगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को केजरीवाल को घेरते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि सीएम को अपने तुच्छ जमानती अनुप्रार्थनाओं पर टैक्स पेयर के पैसे को बर्बाद करते देखना दुखद है। साथ ही कहा कि केजरीवाल जो कांग्रेसी पृष्ठभूमि के वकीलों के साथ कानूनी तंत्र से खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं और अंतरिम जमानत का विस्तार करने का मौका तलाश रहे हैं, लेकिन वह सफल नहीं होगें। लोग हैरान हैं कि केजरीवाल एक ओर 49 डिग्री के तापमान में जनसभा, रोड शो करते हैं, जबकि दूसरी ओर शर्मसारी से खतरनाक बीमारी होने दावा करते हैं।

### देश बचाने के लिए जा रहे हैं जेल, हमें इस बात पर है गर्व: केजरीवाल

**हरिभूमि नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 2 जून को जेल जाने के लिए तैयार हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि वह देश बचाने के लिए जेल जा रहे हैं और उन्हें इस बात का गर्व है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले कह रहे हैं कि केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया। लोग कह रहे हैं कि अगर केजरीवाल भ्रष्ट हैं तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। उनके पास कोई सबूत नहीं है। उन्होंने 100 करोड़ रुपए के घोटाले का दावा किया और 500 स्थानों पर छापे मारे, लेकिन एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ। क्या पैसा हवा में चला गया। बता दें कि दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में करीब 50 दिन तिहाड़ जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनाव में प्रचार करने के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। उनकी जमानत की अवधि एक जून को समाप्त हो रही है।


## एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लि.

CIN :L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
Tel.: +91-11-42504842
E-Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.in

31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सार

(रु. 000' में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2024 को समाप्त 3 माह | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2023 को समाप्त अनुकूल 3 माह | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2024 को समाप्त 3 माह | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2023 को समाप्त अनुकूल 3 माह |
| | | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | कुल आय | 11,676 | 31,906 | 10,700 | 11,676 | 31,906 | 10,700 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 7,343 | 13,871 | 7,545 | 7,343 | 13,871 | 7,545 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/अथवा असामान्य मदों और एसोसिएट्स के लाभ/हानि के शेयर के बाद) | 7,343 | 13,871 | 7,545 | 7,343 | 13,871 | 7,545 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 6,118 | 13,291 | 8,825 | 6,118 | 13,291 | 8,825 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 6,118 | 13,291 | 8,825 | 6,118 | 13,291 | 8,825 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | (104,174) | - | - | (246,483) | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | ए. बेसिक | 0.61 | 1.33 | 0.88 | 0.61 | 1.33 | 0.88 |
| | बी. डायल्युटेड | 0.61 | 1.33 | 0.88 | 0.61 | 1.33 | 0.88 |

टिप्पणी :–
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 29 मई 2024 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
निदेशक
डीआईएन : 00004606

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.05.2024



मिली राहत...

नई दिल्ली। गर्मी और लू से बचने के लिए अपने चेहरे पर पानी छिड़कती महिला।

### आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को तुरंत 200 टीमें तैनात करने के दिए निर्देश

# भीषण गर्मी : पानी की बर्बादी पर लगेगा दो हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बुधवार को पानी को बर्बाद करने वालों पर 2 हजार रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला किया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड के के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ए. एनबरासु को पत्र लिखकर तुरंत 200 टीमों को तैनात करने का निर्देश दिया है।

जल आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ पत्र कहा है कि दिल्ली भीषण गर्मी के कारण पानी की कमी का सामना कर रही है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को कहा कि तुरंत 200 टीम तैनात करें ताकि पानी की बर्बादी रोकने के लिए पाइप से कार धोने, पानी की टंकियों से पानी बहते रहने और निर्माण एवं वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए घरेलू जल आपूर्ति का इस्तेमाल करने जैसी गतिविधियों को रोका जा सके। आतिशी ने कहा कि ये टीम बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से तैनात होंगी और पानी की बर्बादी करते पाए जाने पर जुर्माना लगाएंगी। ये टीम निर्माण स्थलों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में किसी भी अवैध पानी के कनेक्शन को काट देंगी। आतिशी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी के बीच पानी की आपूर्ति कम हो गई है क्योंकि हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में जल संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि यह देखा गया है कि दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की काफी बर्बादी होती है। आतिशी ने कहा कि निर्माण स्थलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू आपूर्ति के अवैध कनेक्शन भी हैं। उन्होंने कहा कि पानी के इस तरह के दुरुपयोग पर रोक लगाने की जरूरत है। आतिशी ने आगामी दिनों में पानी की बर्बादी के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि निर्माण स्थलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू आपूर्ति के अवैध कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### जल मंत्री ने हरियाणा पर लगाया पानी नहीं देने का आरोप

आतिशी ने मंगलवार को हरियाणा पर एक मई से दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को युक्तिसंगत बनाने सहित कई उपायों को लागू करेगी। आतिशी ने मंगलवार को कहा था कि एक मई को वजीराबाद में जल स्तर 674.5 फुट था। यह औसत स्तर है, जिसे बनाए रखा जाना चाहिए। पिछले साल अप्रैल, मई और जून में न्यूनतम स्तर 674.5 बनाए रखा गया था। आंकड़े साझा करते हुए मंत्री ने कहा कि आठ मई तक वजीराबाद में जल स्तर 672 फुट रह गया और 20 मई तक यह 671 फुट था तथा मंगलवार को यह और घटकर 669.8 फुट रह गया।

## बिजली की मांग ने बनाया दूसरी बार ऐतिहासिक मांग का नया रिकॉर्ड खपत 8300 मेगावाट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली खपत का आंकड़ा एक महीने में दूसरी बार 8 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार कर गया है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार बुधवार को दिल्ली में बिजली की मांग ने नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाते हुए 8302 का आंकड़ा दर्ज किया है। जबकि इससे पहले इसी महीने 22 मई 2024 को दिल्ली में पहली बार 8 हजार मेगावाट की मांग का रिकॉर्ड दर्ज किया था। मतलब आठ दिन में दो बार 8 हजार मेगावाट का आंकड़ा दर्ज किया। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि एसएलडीसी पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 8302 मेगावाट तक पहुंच गई है। जो दिल्ली के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक मांग है।



तेज आंधी और बूंदाबांदी से मिली राहत...

### आतिशी ने तीन जलाशयों का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में पानी की कमी को देखते हुए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को रामलीला मैदान, दिल्ली गेट और झंडेवालान के तीन भूमिगत जलाशयों (यूजीआर) और आईपी एस्टेट टैंकर फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों को पानी की कमी को दूर करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया, ताकि दिल्लीवासियों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पर्याप्त पानी की आपूर्ति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा द्वारा दिल्ली के हिस्से का पानी यमुना में कम छोड़ने और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की वजह से पैदा हुए जल संकट की गंभीर स्थिति की समीक्षा की। आतिशी ने आईपी एस्टेट टैंकर फिलिंग स्टेशन का भी दौरा किया और सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल टैंकर भेजने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इस चुनौती पूर्ण समय में किसी भी जल संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आदेश दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिल्लीवासियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने ऐसे चुनौती पूर्ण समय में केजरीवाल सरकार दिल्लीवासियों को जल संकट से बचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है। जल स्तर की मॉनिटरिंग से लेकर इमरजेंसी पानी के टैंकरों के इस्तेमाल तक, सरकार भीषण गर्मी और जल संकट के मुद्दों का गंभीरता से समाधान कर रही है। सरकार का यह प्रयास दिल्लीवासियों के प्रति उसके दृढ़ संकल्प को दिखाता है, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।





गर्मी से राहत के लिए विजय चौक पर फव्वारे के नीचे मस्ती करते बंदर।

## उपराज्यपाल ने मजदूरों के लिए सवैतनिक छुट्टी, बस स्टैंड में घड़े रखने के निर्देश दिए



नई दिल्ली। इन दिनों दिल्ली में भीषण गर्मी का कहर जारी है। तापमान कई जगह तो 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में भीषण गर्मी और लू के बीच कार्य करने वाले श्रमिकों को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राहत देने की घोषणा की है। राजनिवास अनुसार दिल्ली में भीषण गर्मी से बेहाल मजदूरों को राहत देते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने दोपहर 12-3 बजे सवेतन छुट्टी रखने के आदेश दिए है। एलजी ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को इस मामले में तत्काल बैठक करने के निर्देश भी जारी कर दिए है। भीषण गर्मी के बावजूद दिल्ली सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर उपराज्यपाल ने नाराजगी दिखाते हुए आलोचना की है। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उपराज्यपाल सक्सेना ने भयंकर गर्मी को देखते हुए लेबर एवं श्रमिकों के लिये दोपहर 12-3 बजे सवेतन छुट्टी रखने के आदेश दे दिए है। उपराज्यपाल ने इतनी भीषण गर्मी में भी समर हीट एक्शन प्लान के लिये अभी तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल या उनके मंत्रियों द्वारा कोई कदम न उठाये जाने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते गत 20 मई से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) लेबर एवं श्रमिकों के लिये दोपहर 12-3 बजे सवेतन छुट्टी दे रहा है। लेकिन अभी तक दिल्ली की केजरीवाल सरकार के अधीन पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड व नगर निगम ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जिससे की भीषण गर्मी में लेबर एवं श्रमिकों को राहत प्रदान की जा सके। उप राज्यपाल ने अपने निर्देश में कहा है कि कार्य साइट पर श्रमिकों के लिये पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, नारियल पानी व अन्य जरूरी चीजें उप्लब्ध कराई जाए। लेबर एवं श्रमिकों के अलावा आम लोगों को भी पीने क पानी की सेवा प्रदान करने के लिए एलजी ने निर्देश कहा कि बस स्टैंडों पर घड़ों में पीने का पानी रखा जाए।

### मार्च के महीने से ही दिल्ली सरकार ने शुरू कर दी थी हीट वेव से निपटने की तैयारी : भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल के प्रमुख सचिव द्वारा दिल्ली सरकार को हीट वेव को लेकर बुधवार को लिखा गया पत्र दिल्ली सरकार को नीचा दिखाने और दिल्ली के चुने हुए मंत्रियों को बदनाम करने की कोशिश है। यह बातें बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज प्रैसवार्ता में की है। प्रैसवार्ता में सौरभ ने कहा कि यह बेहद ही हास्यास्पद है कि अब जब आधी गर्मियां बीत चुकी है, तो 29 मई 2024 को दिल्ली के उपराज्यपाल के प्रमुख सचिव द्वारा दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को खत लिखकर यह पूछा गया है कि हीट वेव के चलते कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह खत सुझाव के तौर पर लिखा गया होता तो हम उनके सुझावों का स्वागत करते, परंतु इस खत को पढ़कर ऐसा प्रतीत हुआ की चुनी हुई सरकार को नीचा दिखाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना मुझसे उम्र में भी काफी बड़े हैं और उनके पद की एक गरिमा है, इस तरह के कामों से उनके पद की गरिमा गिरती है, उपराज्यपाल को इस प्रकार के कामों से बचना चाहिए। हीट वेव से निपटने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा की गई तैयारी पर भारद्वाज ने बताया कि तीन दर्जन अलग-अलग विभागों को पहले ही दिल्ली सरकार की ओर से एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। पहली एडवाइजरी 8 मार्च को ही सभी अस्पतालों और स्कूलों को जारी कर दी गई थी। इसके बाद अप्रैल और मई से लगातार सभी अलग-अलग विभागों को भी एडवाइजरी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह एडवाइजरी सभी 11 जिलों के चीफ मेडिकल ऑफिसर को दी जा चुकी है। इन एडवाइजरी में सभी अधिकारियों को साफ तौर पर हीट वेव से बचने के लिए और हीट वेव से पीड़ित मरीजों के लिए क्या-क्या इंतजाम और इलाज होने चाहिए वह बताया गया है। वहीं स्कूलों को भी यह निर्देश जारी किए गए हैं।

#### दिल्ली पुलिस विभाग को भी 18 अप्रैल को भेजी गई थी एडवाइजरी

भारद्वाज ने कहा कि न केवल अस्पतालों को, स्कूलों को बल्कि उपराज्यपाल महोदय के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस विभाग को भी मेरे विभाग द्वारा 18 अप्रैल को यह एडवाइजरी भेजी गई है। उन्होंने बताया कि हमारे विभाग की ओर से यह एडवाइजरी दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजीव अरोड़ा को भेजी गई है और जिसमें साफ तौर पर यह कहा गया है, कि पुलिसकर्मी जो बाहर धूप में ड्यूटी करते हैं, उनके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था की जाए, धूप से बचने के पर्याप्त साधन उनको मुहैया कराए जाएं।

### केजरीवाल सरकार ने समय रहते पानी की कमी को दूर करने के लिए नहीं किए कोई ठोस प्रयास : सचदेवा



नई दिल्ली। दिल्ली में पानी की कमी दूर करने के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार ने समय रहते कोई ठोस प्रयास नहीं किया जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता पानी के लिए हाय-हाय कर रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए यह आरोप बुधवार को लगाए। उन्होंने कहा कि संगम विहार से बवाना तक कोंडली से बिजवासन तक पालम से नरेला तक हर ओर पानी के लिए हाहाकार, सरकार एवं निजी टैंकर माफिया का हर ओर लूट का खेल चल रहा है। सचदेवा ने कहा कि अप्रैल के महीने से ही पता चल गया था कि दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है और गर्मी के कारण पानी की कमी होना सबको पता था। केजरीवाल सरकार ने ना ही इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया और ना ही समर एक्शन प्लान पर ही कोई कार्य किया जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता इस भीषण गर्मी में भी पानी जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए परेशान है। सचदेवा ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली जल बोर्ड में जब पानी की समस्या को लेकर दिल्ली की जनता पहुंचती है तो वहां कोई सुनवाई तक नहीं होती क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड केजरीवाल सरकार की उगाही और भ्रष्टाचार का एक अड्डा बन चुका है।



चाणक्यपुरी में पानी के लिए मचा हाहाकार टैंकर आते ही टूट पड़े लोग।

## दिल्ली नगर निगम ने की मानसून के जलभराव से निपटने की तैयारी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक मानसून कार्य योजना तैयार की है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कार्य योजना में मुख्य रूप से नालों की समय पर सफाई, जलभराव वाले हॉटस्पॉट की पहचान और जलभराव की घटनाओं की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाने और टीमों के गठन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विशेष बल दिया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों के बीच समन्वय भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन ने दावा किया है कि मानसून कार्य योजना के अनुसार, गाद निकालने का काम जोरों पर है, पहले चरण में गाद निकालने का कार्य 70 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वहीं, निगम में मनोनीत निगत पार्षद मनोज जैन ने दावों की पोल खोलते हुए कहा है कि दिल्ली सरकार ने बीते साल भी नालों, सीवरों की सफाई नहीं कराई थी और इस साल भी अब तक सफाई नहीं हुई है। इस बार फिर वही केंद्र सरकार पर आरोप लगाकर कहानी दोहराएगी। उन्होंने पिछले साल का हवाला देते हुए कहा कि दिल्लीवालों को 2023 की बाढ़ याद होगी। बरसात के मौसम में जब गंदे नाले का पानी यमुना के पानी के साथ सड़कों पर आ गया था।

## एलजी ने भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने निजी नर्सिंग होम के अनियमित और अवैध पंजीकरण में कथित संलिप्तता के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि ओएसडी को निलंबित करने का तात्कालिक कारण शाहदरा के ज्योति नर्सिंग होम को वैध पंजीकरण अवधि से परे अनधिकृत और अवैध रूप से चलाने के संबंध में कथित कदाचार है, जब वह नर्सिंग होम प्रकोष्ठ के चिकित्सा अधीक्षक भी थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के एक अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा कि दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) डॉ आर एन दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

### मंत्रालय को ठप करने की मंशा से निकाला जा रहा है अधिकारियों को : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अपने ओएसडी (स्वास्थ्य विभाग) को सस्पेंड किए जाने पर कहा कि मंत्रालय के काम को ठप करने की मंशा से जानबूझकर उनके विभाग के अधिकारियों को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल पिछले 1 साल से बेहद ही परेशान है, कि वह मुझे चिट्ठी लिखकर कोई भी जानकारी मांगते हैं और मेरी ओर से 1 घंटे में चिट्ठी का जवाब चला जाता है। उप राज्यपाल इस बात से बेहद ही परेशान है कि आखिर इनके पास इतनी जल्दी सभी डाटा, सारी जानकारियां कहां से आ जाती हैं। उन्होंने कहा कि केवल स्वास्थ्य विभाग ही नहीं मेरे सभी विभागों से जानबूझकर सभी सलाहकारों को तथा अन्य अधिकारियों को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा कार्यालय पूरा खाली पड़ा हुआ है, क्योंकि मेरे विभागों में जितने भी सलाहकार, फैलोज़ या कंसल्टेंट लगाए गए थे, जो कि आईआईएम, आईआईटी और विदेशों से पढ़कर आए हुए थे, उन सभी को उपराज्यपाल ने हटा दिया। उन्होंने कहा कि मेरे यहां जितने भी ओएसडी और सेक्रेटरी काम कर रहे हैं, उन सभी पर अलग-अलग मामलों में कोई ना कोई मुकदमा चलाने की कोशिश की जा रही है।

### विवेक विहार अग्निकांड : ऊपर से नीचे तक के सभी अधिकारी भ्रष्टाचार के खेल में शामिल : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी एवं अरविंद केजरीवाल के नजदीकी अधिकारी डॉक्टर आर एन दास के निलंबन मामले में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि अभी तो सिर्फ यह शुरुआत है क्योंकि ऊपर से नीचे तक के सभी अधिकारी जो भ्रष्टाचार के खेल में शामिल थे और उनके निलंबन की मांग हम और तेज करेंगे। साथ ही हम 2021 के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन एवं स्थानीय आम आदमी पार्टी विधायक की भूमिका की भी जांच की मांग करेंगे। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के विवेक विहार अग्निकांड में सात मासूमों की जिंदगी छीनने वाले भ्रष्ट अधिकारी और दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी रहे डॉ. आर एन दास का निलंबन होना इस बात का गवाह है कि इस पूरे मामले में गलती दिल्ली सरकार की अव्यवस्था और भ्रष्टाचार में लिप्त स्वास्थ्य विभाग की है। सचदेवा ने कहा कि हर वह आदमी जो इस अग्नि हत्याकांड में शामिल हैं, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उसके लिए भाजपा लगातार लड़ती रहेगी। यह सिर्फ अभी शुरुआत है लेकिन दिल्ली को इस तरह से अग्नि की भट्टी में जलाने वाले, भ्रष्टाचार को अपने आय का साधन बनाने वाले हर उस आदमी के खिलाफ हम लड़ते रहेंगे जब तक इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती। सचदेवा ने कहा कि चाहे वह दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी हों या फिर वे अधिकारी जिन्होंने इन फाइलों पर साइन किए थे, किसी को छोड़ा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### भीषण आग से लाखों का सामान जला



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बेगमपुर खटोला स्थित एक कंपनी में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। कंपनी में रखा लाखों रुपए का सामान जल गया और कंपनी की दीवार भी आग से ढह गई। आग पर काबू पाने के लिए जिले के सभी फायर स्टेशनों की 20 से अधिक गाड़ियों व कर्मचारियों को करीब पांच घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग पर करीब 11 बजे काबू पाया जा सका। वहीं आगजनी के कारण कंपनी में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। बेगमपुर खटोला की प्रेगटासो प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में सुबह अचानक आग लग गई।

### तेज रफ्तार ऑटो ने वृद्धा को कुचला, मौत




**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना एरिया में तेज रफ्तार ऑटो ने वृद्धा को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और ऑटो चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के सरस्वती एंक्लेव में रहने वाली सीमा राजपूत ने कहा कि वह मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे अपनी सास 68 वर्षीया गौरी देवी के साथ अपने घर के सामने मेडिकल स्टोर पर खड़े थे। इसी दौरान सामने गली से एक तेज रफ्तार ऑटो आया और उसकी सास को सीधी टक्कर मार दी।

### 40 लाख की नकदी व लाखों के जेवरात चोरी



**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 एरिया में चोरों ने एक चिकित्सक के मकान से 40 लाख की नकदी व लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात के दौरान चिकित्सक अपने परिवार के साथ सो रहे थे। चोरों ने घर में दाखिल होने के बाद उनके कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी और इत्मिनान से वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-4 में रहने वाले विकास कपूर ने शिकायत दर्ज की।

### फेसबुक पर दोस्त बनी महिला से हजारों ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना में जालसाज युवक ने परिचित की मौत बताकर एक महिला से हजारों रुपए ठग लिए। महिला की युवक से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी और अब युवक ने उसे ब्लॉक कर दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के सेक्टर-85 में रहने वाली प्रोमिला कौल ने कहा कि करीब एक माह पहले उसकी फेसबुक पर एक युवक से दोस्ती हुई थी। युवक ने उसे बताया कि उसके किसी परिचित की मौत हो गई है। इसके लिए उसे रुपए की जरूरत है।

---

नगर निगम आयुक्त को मलिक ने दिए निर्देश

# सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कर लगाएं निगम का बोर्ड, भूमि कब्जाने वाले लोगों पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के आदेश के बाद गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत तेजी से सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई चल रही है। उनके निर्देश पर संपत्ति विभाग द्वारा रिक्त निगम की भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम का बोर्ड भी लगाया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा निगम की रिक्त भूमि पर बाउंड्री करने के लिए निर्देश निर्माण विभाग को जारी किए हैं। संपत्ति विभाग द्वारा सिटी जोन तथा मोहन नगर जोन अंतर्गत निगम की रिक्त कराई गई भूमि पर बोर्ड लगाए गए हैं।

**खास बातें**

- निगम की 50 करोड़ की भूमि कब्जे से रिक्त करवाई
- रिक्त भूमि पर बाउंड्रीवाल की जाएगी



#### पीले रंग के बोर्ड लगाए

निगम द्वारा सिटी जोन अंतर्गत लगभग 50 करोड़ की भूमि पर गाजियाबाद नगर निगम के बोर्ड लगाए गए। जिसमें नंदग्राम स्थित घुकना, खसरा नंबर 402 सादिक नगर खसरा नंबर 912, नूर नगर खसरा नंबर 41, सिहानी खसरा नंबर 36 में गाजियाबाद नगर निगम के पीले रंग के बोर्ड स्थाई रूप से लगाए हैं। मोहन नगर जोन अंतर्गत भी लगभग 50 करोड़ की सिकंदरपुर गांव क्षेत्र में खसरा नंबर 293 तथा 122 पर भी गाजियाबाद नगर निगम के बोर्ड स्थापित कर गए हैं। संपत्ति विभाग द्वारा बोर्ड स्थापित करने के साथ-साथ उक्त भूमि पर स्थाई रूप से बाउंड्री का कार्य भी कराया जाएगा।

#### शहर को शुद्ध पेयजल आपूर्ति पहली प्राथमिकता



*भीषण गर्मी के मौसम में नगर निगम में विजयनगर क्षेत्र में 10 नए पंप सेट लगाकर जलापूर्ति की समस्या का समाधान किया है। नगर आयुक्त ने बताया कि विजयनगर जोन से पानी की समस्या संज्ञान में आई थी। वार्ड संख्या तीन पुराना विजयनगर अंबेडकर नगर पहुंचकर, क्षेत्रवासियों को गंदे पानी से निजात दिलाया गया। अभियंता शीशमणि यादव तथा अधिशासी अभियंता आस कुमार को विजयनगर के सभी अन्य क्षेत्रों में भी मॉनिटरिंग करने की निर्देश दिए गए। वार्ड संख्या 26 भूर भारत नगर, तथा गौपूरी मे नई मोटर लगाकर जलापूर्ति को सरल किया गया।। वार्ड संख्या 58 शिवपुरी, वार्ड संख्या 25 शंकर पुरी, वार्ड संख्या 58 मवई, वार्ड संख्या 55 ए ब्लॉक प्रताप विहार, वार्ड संख्या 15 चरण सिंह कॉलोनी प्रताप विहार, वार्ड संख्या 3 अंबेडकर भवन, वार्ड संख्या 01 भीम नगर, वार्ड संख्या 23 कैलाश नगर के अंतर्गत जल कल विभाग द्वारा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करते हुए कार्यवाही दो दिन के भीतर करने की योजना बनाई गई है, वर्तमान में नलकूप द्वारा पानी दिया जा रहा है जिसको और अधिक सुधार कर विभाग शहर हित में कार्रवाई कर रहा है।*

---

फरीदाबाद में भीषण गर्मी अब जानलेवा बन गई

# एक दिन में तीन लोगों की मौत, अब तक सात लोगों की जा चुकी है जान

फरीदाबाद में भीषण गर्मी अब जान पर बन आई है। तीन दिन में सात लोगों की मौत होने से प्रशासन में हलचल पैदा हो गई है। पुलिस ने भी यही आशंका जताई


*रिक्शा में बैठे युवक, बर्फ बेचने वाले और गार्ड की मौत*

*फैक्ट्री में हुई मौत में कंपनी प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज*

*पानी की बढ़ी किल्लत वितरण का जारी होगा चार्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में भीषण गर्मी अब जान पर बन आई है। बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस आशंका जता रही है कि इनकी मौत का कारण गर्मी है। बता दें, दो दिन पहले भी तीन लोगों की मौत गर्मी से हो गई थी। बीते दिन भी एक युवक की मौत हो गई थी। हालांकि इस मामले में कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा है, लेकिन पुलिस आशंका जता रही है कि युवक की मौत का कारण गर्मी हो सकती है। तीन दिन में सात लोगों की मौत होने से प्रशासन में हलचल पैदा हो गई है।




#### प्राधिकरण के सीईओ से मिले विधायक शर्मा



एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद महानगर विकास प्रधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवासन से मुलाकात कर एनआईटी विधानसभा में पानी की किल्लत की जानकारी दी। विधायक ने अपने पत्र में लिखा कि फरीदाबाद महानगर विकास प्रधिकरण को 192 एमएलडी पानी आ रहा है लेकिन उसका समान वितरण न होने के कारण एनआईटी विधानसभा में पानी कि किल्लत बढ़ती जा रही है। इस पानी के समान वितरण को लेकर उनके द्वारा सीएम नायब सैनी से दूरभाष पर बातचीत की और सारी जानकारी विस्तार से बताई। सीईओ ए श्रीनिवासन ने आश्वासन दिया है कि वह पानी के समान वितरण का चार्ट कल तक जारी कर देंगे और सभी विधानसभा में समान रूप से पानी का वितरण करेगें ताकि पेयजल समस्या का निदान हो सके।

#### दो दिन पहले हुई तीन मौत

सेक्टर-12 ओजोन कन्वेंशन सेंटर के पास पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। इसके अलावा नेहरू कालोनी में रहने वाला एक व्यक्ति भी मृत मिला। वह बर्फ बेचने का काम करता था लेकिन आसपास के लोगों को उसका नाम नहीं पता। यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि गर्मी की वजह से उसकी मौत हुई है। इसके अलावा सूरदास कालोनी में रहने वाला 49 वर्षीय रमाशंकर एक निजी स्कूल में गार्ड था। उसका शव सोमवार को स्कूल के पास मिला।

#### फैक्ट्री में काम करते व्यक्ति की मौत

इसके अलावा मंगलवार को नंगला एन्क्लेव पार्ट दो, सुभाष चौक पर रहने वाले एक 22 वर्षीय युवक की उद्योग में काम करते समय तबीयत बिगड़ गई थी। उद्योग से दो कर्मी उसे बाइक पर बैठाकर उसके घर ले आए। यहां दरवाजे पर ताला लगा होने की वजह से उसे बाहर बैठाकर चले गए। बाद में युवक की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने परिजन की शिकायत पर कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही से मौत होने का मुकदमा दर्ज किया है।

#### धूप में पड़े मिले दो शव

*थाना मुजेसर पुलिस ने बुधवार को बल्लभगढ़ सोहना रोड सरूरपुर चौक के पास खाली प्लाट में दो अज्ञात शव बरामद किए। पुलिस ने दोनों के शव बादशाह खान नागरिक अस्पताल में रखवा दिए हैं। जांच अधिकारी कृष्णलाल ने बताया कि शुरुआती जांच में लग रहा है कि एक की उम्र करीब 50 तो दूसरे की 30 साल प्रतीत हो रही है। दोनों की मौत गर्मी की वजह से हुई है। क्योंकि दोनों खुले में पड़े हुए थे। गर्मी भी भीषण पड़ रही है। दोनों शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।*

---

अवैध संबंधों को लेकर महिला की हत्या

# गला घोंटने के बाद झाड़ियों में फेंका शव, 3 गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नीलकंठ मंदिर मार्ग की झाड़ियों में महिला का शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह हत्या अवैध संबंधों के चलते की गई। जिसमें ऋषिकेश व नीलकंठ घुमाने के बहाने महिला ने ही अपनी ननद व ड्राइवर के साथ महिला की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी और नीलकंठ मंदिर मार्ग की झाड़ियों में शव फेंक दिया। पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, बीती 25 मई को नीलकंठ पैदल मार्ग पर झाड़ियों में अज्ञात महिला का शव मिला। जांच में सामने आया कि महिला की गला घोंटकर हत्या के बाद उसके शव को झाड़ियों में फेंका गया था। सीसीटीवी की फुटेज से मृतका और आरोपियों की पहचान हो पाई।

#### दर्शन कराने के बहाने ले गए

आरोपियों ने पूछताछ में पता चला कि 28 वर्षीया अनीता देवी के बबीता के पति रंजीत के साथ संबंध थे। जिसके चलते रंजीत अपनी पत्नी बबीता से मारपीट करता था। रंजीत की बहन ममता अपने भाई के साथ हो रही ज्यादती से परेशान थी। ममता गुरुग्राम में घरों में खाना बनाने का काम करती है। उसका ड्राइवर ओमवीर से संपर्क हुआ। जिसके बाद ओमवीर, ममता और बबीता ने अनीता को मारने की योजना बनाई। सब ऋषिकेश गए। वहां से नीलकंठ दर्शन के पश्चात वापसी में पैदल मार्ग पर बबीता, ममता उर्फ अनिता व ओमवीर ने अनीता की ममता के दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद ये लोग वापस जानकीपुल पहुंचे और अशोक के साथ वापस गुरुग्राम चले गए।

#### फाजिलपुर मानेसर में पकड़ाए

आरोपियों को गुरुग्राम के फाजिलपुर मानेसर में पकड़ लिया गया। गाड़ी मालिक अशोक ने पुलिस को बताया कि 24 मई को वह अपने ड्राइवर अमित के साथ ऋषिकेश गया था। उनके साथ परिचित ओमवीर व उसकी रिश्तेदारी वाली तीन अन्य महिलाएं भी थीं। ऋषिकेश से वापस आते हुए ओमवीर के साथ दो महिलाएं आईं, जबकि अनीता नाम की तीसरी महिला के बारे में उन्होंने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में ऋषिकेश में ही रुक गई। जिसके बाद पुलिस ने फर्रुखनगर के 35 वर्षीय ओमवीर, झारखंड के गिरिडीह निवासी 35 वर्षीया ममता व गिरिडीह की 30 वर्षीया बबीता को मंगलवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

---

यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

## बिना वर्दी व यूनिक कोड के 73 ऑटो ड्राइवरों को किया इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त यातायात उषा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर दर्पण कुमार ने अपनी टीम के साथ पिछले दो दिन में बिना वर्दी व यूनिक कोड के ड्राइव कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो ड्राइवरो के चालान व इम्पाउंड किया है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि यातायात पुलिस के द्वारा विशेष अभियान के तहत चेकिंग की जा रही थी जिसमें ऑटो चालक यातायात नियमों का उल्लघंन करते मिले जिनके ऑटो के चालान किए



गए है। जिसमें पिछले 2 दिन में 161 ऑटो चालाको का चालान करके 73 ऑटो को इम्पाउंड किया गया है। सभी ऑटो चालकों को यूनिक आईडी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। इससे आम नागरिकों एवं महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहायता प्राप्त होती है।

---

पुलिस उपायुक्त ने छात्रों को किया जागरूक

## भारतीय न्याय संहिता 2023 के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक हरियाणा के कार्यालय के निर्देशानुसार पुलिस कांस्टेबल के व्यावहारिक एवं कानूनी प्रशिक्षण में कानून के छात्रों को शामिल करना शीर्षक के अंतर्गत पुलिस आयुक्त फरीदाबाद राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त विष्णु प्रसाद एनआईटी ने मानव रचना यूनिवर्सिटी में भारतीय न्याय संहिता 2023 की जानकारी देकर जागरुक किया है। सेमिनार में एसएन



श्रीवास्तव पूर्व पुलिस कमिश्नर दिल्ली के द्वारा भी पुलिसकर्मियों व विद्यार्थियों का 'पुलिस कांस्टेबल के व्यावहारिक एवं कानूनी प्रशिक्षण में कानून के छात्रों को शामिल करना में भारतीय न्याय संहिता 2023' विषय पर संबोधन किया गया।

---

राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन

## कंपनी में काम कर रहे 57 बच्चों को मुक्त कराया, 31 नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने थाना क्षेत्र मसूरी डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स बूचड़ खाना में अमानवीय परिस्थिति में कार्यरत 57 बच्चों को रेस्क्यू आपरेशन के तहत मुक्त कराया। इनमें 31 नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि नई दिल्ली को शिकायत प्राप्त हुई थी कि गाजियाबाद में एक स्लॉटर हाउस चलाया जा रहा है। जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल राज्य से लगभग 40 बच्चे उक्त स्लॉटर हाउस में अमानवीय परिस्थिति में



कार्य करने के लिए मजबूर किया जाता है। मामले की संवेदनशीलता व गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली की टीम, मुक्ति फाउंडेशन की टीम ने बूचड़खाने पर छापा मारा तथा वहां से 57 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया। इनमें 31 नाबालिग लड़कियां व 26 नाबालिग लड़के शामिल हैं। जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश बिहार व बंगाल आदि राज्यों के रहने वाले हैं। जिनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा हैं। बूचड़खाने में ये सभी बच्चे अमानवीय परिस्थितियों में कार्य करते हुए पाए गए।

---

अंतरराज्यीय गिरोह के 6 शातिर अपराधी गिरफ्तार

## मोबाइल टॉवर उपकरणों का करीब 12 लाख का चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच पुलिस ने मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। उसके कब्जे से चोरी का करीब 12 लाख रुपए का माल बरामद किये गए है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदाननद ने बताया कि तीन मई को क्राईम ब्रांच पुलिस ने गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र, पश्चिमी यूपी, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र




व मध्यप्रदेश में जियो व एअरटेल के मोबाइल टावरों से बैट्री, आरआर यूनिट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 6 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 4 करोड़ रुपए का मोबाइल टावरों से चोरी का माल बरामद किया था। इसी क्रम मे आज क्राइम ब्रांच पुलिस ने इस गैंग के 50 हजार रूपए के इनामी फरार शातिर बदमाश जुबैर को थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से जियो व एअरटेल कम्पनी के टावरों की दो रेडियो रिसीवर यूनिट बरामद हुई।

---

शेयर मार्केट में इन्वेस्टेमेंट के नाम पर 1.10 करोड़ रुपए की ठगी

भारी मुनाफा कमाने का दिया जा रहा था लालच

## अलग-अलग राज्यों से छह आरोपी गिरफ्तार, सात मोबाइल फोन, एक डोंगल, 4394 सिम कार्ड बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सेन्ट्रल प्रभारी अमित की टीम ने शेयर मार्केट में इन्वेस्टेमेंट के नाम पर करीब 1.10 करोड़ ठगी की वारदात में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश प्रवीन, विशाल रमेश, अंशुल नंदा, प्रशांत बब्लू, थोगाटी बद्रीनाथ तथा शिवा प्रसाद का नाम शामिल है। आरोपी आकाश, प्रवीण और विशाल, रमेश सुरत गुजरात का, आरोपी अंशुल नंदा और प्रशांत बब्लू मंडला मध्य प्रदेश का, आरोपी थोगाटी और शिवा प्रसाद गुंटूर आन्ध्र प्रदेश का रहने वाला है।

ग्रुप के लोगों को मुनाफा दिखाया

पूंजी निवेश के नाम पर बैंकों में डलवाए रुपए

आरोपी कर्नाटक गुजरात, मप्र, आंध्र प्रदेश के रहने वाले

#### पुलिस रिमांड के बाद भेजा जेल



साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने 9 अप्रैल को आरोपी आकाश प्रवीण भाई माडनका, 20 अप्रैल को विशाल रमेश भाई गेलानी को सूरत गुजरात से, 29 अप्रैल को आरोपी अंशुल नंदा व प्रशांत बल्लू विश्वकर्मा उनके गांव नैनपुर मंडला मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया।

#### फेसबुक पर आए लिंक से ग्रुप में जोड़ा

*फरीदाबाद के सेक्टर-81 के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा साइबर थाना सेंट्रल में 1 करोड़ 9 लाख 87 हजार 987 रुपए की शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने के नाम पर ठगी की शिकायत प्राप्त हुई। अपनी शिकायत में बताया कि फेसबुक पर उसके पास एक लिंक आया जिसको क्लिक करने पर उसका नंबर एक ग्रुप से जोड़ा गया। जो शेयर मार्केट के नाम से था जिसमें काफी लोग जुड़े हुए थे। जो सभी अपना पैसा आरोपियों द्वारा दिए गए बैंक खातों में डालकर लगा रहे थे और काफी मुनाफा कमा रहे थे।*


## खबर संक्षेप

### नक्सलियों ने एक व्यक्ति को जिंदा जलाया



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित मैकलुस्कीगंज-चामा रोड पर नक्सलियों ने कंटेनर गाड़ी के साथ-साथ एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया। मृतक व्यक्ति कुक का काम करता था। सूचना मिलने के बाद एसपी ग्रामीण, खलारी के दरोगा विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज के दरोगा सहित काफी संख्या में पुलिसबल मौके पर पहुंची। मामले की जांच पड़ताल जारी है। मंगलवार देर रात नक्सलियों के दस्ते ने मैकलुस्कीगंज-चामा रोड में कंटेनर को निशाना बनाते हुए पहले रुकवाया चालक मौके से भाग गया।

### शिक्षक भर्ती टीआरई 3 पर लगाई रोक




**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने तीसरे चरण में होने वाली शिक्षक बहाली के लिए 7 फरवरी को जारी विज्ञापन संख्या 22/2024 पर फिलहाल रोक लगा दी। इस विज्ञापन के जरिए परीक्षा के आधार पर शिक्षकों के 87,784 पदों पर बहाली होनी है। न्यायमूर्ति अंजनी कुमार शरण की एकलपीठ ने संदीप कुमार झा सहित दस अन्य की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद अपना फैसला दिया। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को एक महीने के भीतर अनुबंध शिक्षकों की तरह गेस्ट टीचरों को तरजीह देने के बारे में अंतिम निर्णय लेने का आदेश दिया है।

### स्कूल, कोचिंग संस्थान, बंद करने के आदेश



**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी के बीच राज्य सरकार ने बुधवार को सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों को आठ जून तक बंद करने का आदेश दिया। सीएम नीतीश कुमार के निर्देश के बाद मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करना सुनिश्चित करें। बिहार में अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण कई छात्रों के बेहोश होने के संबंध में आयी खबरों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान 45 डिग्री के पार जाने के मद्देनजर यह निर्णय लिया।

# बुंदेलखंड और मध्य यूपी में लू से 23 लोगों की मौत, वाराणसी में पिछले 140 साल का रिकॉर्ड टूटा, तेज धमाके के साथ फटी सड़क

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में चल रही प्रचंड ग्रीष्म लहर अब जानलेवा साबित होने लगी है। बुंदेलखंड और मध्य यूपी में हीट स्ट्रोक से 23 लोगों की मौत हो गई।

इनमें कानपुर में आठ, महोबा-प्रयागराज में पांच-पांच, हमीरपुर-इटावा में दो-दो और कानपुर देहात में एक मौत हुई। बांदा में गर्मी की वजह से मछलियों के मरने की सूचना भी है। राहत आयुक्त कार्यालय ने गर्मी से हुई इन मौतों की जानकारी होने से इनकार किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार मंगलवार को झांसी में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह झांसी 1892 से मौसम विभाग की आब्जरवेटरी है और तब से झांसी में कभी भी 49 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज नहीं हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के ऊपर विपरीत चक्रवाती हवा का दबाव बन रहा है।

एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इससे लखनऊ में 30 से हवा का रुख पुरवा हो जाएगा। इससे अधिकतम तापमान ज्यादा ऊपर नहीं चढ़ेगा। 31 मई से एक जून के बीच आंधी चलने, बिजली कड़कने का भी पूर्वानुमान है लेकिन बारिश की उम्मीद कम है।

**खास बातें**

- 18 से 20 जून के बीच आएगा मानसून
- झांसी में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस पहुंचा



यूपी में प्रचंड गर्मी से त्राहिमाम

#### गर्मी से मौतों को लेकर ली जा रही रिपोर्ट

*गर्मी से प्रदेश में हुई मौतों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के सतर्कता अधिकारी डॉ. विकासेन्दु अग्रवाल का कहना है कि इस बारे में सभी सीएमओ से रिपोर्ट ली जा रही है। कानपुर के सीएमओ ने कुछ मौतों की जानकारी दी है मगर वह किन कारणों से हुई हैं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।*

#### प्री-मानसून बारिश न के बराबर

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस साल 31 मई या पहली जून को केरल में आने के बाद सामान्य तिथियों में आगे बढ़ता रहा तो 18 से 20 जून के बीच यूपी में मानसून की एंट्री और बारिश की शुरुआत हो सकती है। मौसम विज्ञानियों ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ेगी और यह इस बात से भी साबित हो गया कि इस बार मार्च से लेकर अब तक प्री-मानसून बारिश न के बराबर रही। इस नाते यह माना जा रहा है कि जून के पहले पखवारे तक उमस भरी गर्मी जनजीवन को परेशान करेगी।



#### बाइक सवार गिरा

संभल जिले के अनूप शहर गवां मार्ग पर तेज धमाका हुआ और उसके सड़क फट गई। धमाके के बाद सड़क छह इंच तक ऊपर उठ गई। कई जगहों पर दरारें भी आई हैं। सड़क में आई दरार को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर ज्यादा ट्रैफिक नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि एक बाइक सवार बेकाबू होकर गिर गया था।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में जनसभा को किया संबोधित

# तालिबानी शासन मंजूर नहीं: मुस्लिम पर्सनल लॉ और शरिया से नहीं संविधान से चलेगा देश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश पर्सनल लॉ से नहीं बाबासाहेब के संविधान से चलता है। जबकि कांग्रेस व सपा वर्ग विशेष को खुश करने के लिए देश में पर्सनल लॉ लागू करना चाहती है।

*जेल नहीं जहन्नम में जाते हैं गोकशी करने वाले*

*हर जगह भाजपा जीत रही 400 का आंकड़ा पार करेंगे*

*पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है*

एजेंसी ▶▶ कुशीनगर

देश पर्सनल लॉ से नहीं बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलता है। जबकि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी वर्ग विशेष को खुश करने के लिए देश में पर्सनल लॉ लागू करना चाहती है। संविधान की जगह शरिया से इस देश को चलाना चाहती है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हाटा नगर में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अपने-अपने घोषणा पत्र में पर्सनल ला लागू करने का आश्वासन दिया गया है। इसका मतलब होगा तालिबानी शासन, इसके लागू होने से बेटियां स्कूल व महिलाएं बाजार नहीं जा सकेंगी। उन्हें बुर्का में घर के अंदर रहना पड़ेगा, भारतीय जनता पार्टी ऐसा हरगिज नहीं होने देगी। सीएम ने कहा कि गोकशी करने वाले अब जेल नहीं जहन्नम में जाते हैं। कार्रवाई के डर से अब कोई डोल मेला में उपद्रव नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में देश के 12 से 14 राज्यों में जाने का मुझे अवसर मिला है। हर जगह भाजपा जीत रही है, हम चार सौ पार कह रहे हैं, सपा तो इतनी सीटों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही।




#### जबरन अनुच्छेद 370 डाला

*सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की पार्टियों ने संविधान का मजाक उड़ाया है। बीआर अंबेडकर की भावनाओं के खिलाफ जाकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने संविधान में जबरन अनुच्छेद 370 डाला। कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का उल्लंघन किया है। संविधान को सर्वाधिक चोट कांग्रेस ने पहुंचाई। उन्होंने कहा कि यह देश डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान से चलेगा। यह देश पर्सनल लॉ या शरिया कानून से नहीं चलेगा।*

#### तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा विपक्ष

सीएम ने कहा कि विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस ने लगातार एससी/एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में सेंध लगाने और इसका कुछ लाभ अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को देने की कोशिश की। यूपीए सरकार के दौरान तत्कालीन पीएम डॉ मनमोहन सिंह का बयान जगजाहिर है, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। सपा ने 2012 और 2014 के चुनावों में अपने घोषणापत्र में उल्लेख किया था कि वह मुसलमानों को भी आरक्षण देगी। सीएम ने कहा कि सपा ने यूपी पीएससी में 15% मुस्लिम आरक्षण की घोषणा भी की थी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी के फैसले को पूरी तरह से पलट दिया है और कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

#### प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना

सीएम योगी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, आतंकवाद का खात्मा हुआ है। विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही हैं।

#### 10 वर्षों में विकास कार्य किए

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि 4 जून को भाजपा-एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगा। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार ने जनकल्याण, विकास और देश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किए हैं। जनता उस पर निर्णय देगी। इसके आधार पर भाजपा-एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगा। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में देश की जनता के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए 10 करोड़ से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए गए। शौचालयों का निर्माण करवाया गया। गरीब जनता को घर दिए गए।

### अखिलेश का भाजपा पर बड़ा हमला

# किसानों और आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी

एजेंसी ▶▶ सोनभद्र



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक बार फिर सत्ता में आई तो वह कोई न कोई कानून लाकर किसानों और आदिवासियों की जमीन छीन लेगी। यादव ने रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी छोटे लाल खरवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह वही भाजपा के लोग हैं, जो एक समय पर काले (कृषि) कानून लाए थे, जिनसे उनकी (किसानों की) जमीन छीन ली जाती। काले कानून तो वापस हो गए हैं, लेकिन हमें सावधान भी रहना पड़ेगा।

अगर वे फिर से सत्ता में आ गए तो कोई न कोई ऐसा कानून ले आएंगे जिससे किसानों और आदिवासियों की जमीन कब्जा कर ली जाएगी। हमें सावधान रहकर इनसे मुकाबला करना है। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो हम गरीब माता-बहनों के खाते में हर साल एक लाख रुपये पहुंचाएंगे। केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई के लिए उन्हें कोई पैसा नहीं देना होगा। पूरी पढ़ाई मुफ्त होगी।

#### किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा ने केंद्र में अपने 10 साल के शासनकाल में किसानों को कोई फायदा नहीं पहुंचाया है। सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। न वह समय पर पानी दे पाए, न खाद दे पाए और न ही कीटनाशक दवाएं दे पाए। किसानों के सामने महंगाई की वजह से संकट पैदा हो गया है। पूर्व सीएम ने कहा कि किसी ने नहीं सोचा होगा कि भाजपा लगातार महंगाई बढ़ा देगी। आज हमारा गरीब और गरीब होता जा रहा है और अमीर और भी ज्यादा अमीर होता चला जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि सपा और 'इंडिया' गठबंधन ने तय किया है कि जब चार जून को 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनेगी तो हमारे सभी गरीब किसान भाइयों का पूरा कर्ज माफ होगा।

#### 30 लाख लोगों को देंगे सरकारी नौकरी

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा ने परीक्षाओं के पेपर लीक कराए हैं ताकि नौजवानों को नौकरी न देनी पड़े। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा ने अगर रिकॉर्ड बनाया है नौकरी न देने का तो 'इंडिया' गठबंधन भी रिकॉर्ड बनाएगा अपने नौजवानों को नौकरी देने का। जहां इन्होंने रिकॉर्ड बना लिया नौकरी छीनने का तो हम लोग नौकरी देने का रिकॉर्ड बनाएंगे। हम 30 लाख खाली पड़े सरकारी पदों को भरेंगे। हम अग्निवीर योजना की आधी अधूरी नौकरी को खत्म करके पक्की नौकरी देंगे।

## पेज एक का शेष...

### भारतीय राजदूत बोले...

सूचना देते थे, वहां तत्काल पुलिस पहुंचकर मदद भी करती थी।

▶▶ भारतीयों के लिए यह देश कितना अनुकूल है?

▶▶ बहुत ही अनुकूल देश है। दिल्ली से महज ढाई घंटे की दूरी पर है। आम आदमी भी भारतीयों के लिए अच्छा नजरिया और सम्मान है। भारतीय संस्कृति से भी यहां बहुत लोग प्यार करते हैं। हमारे यहां योग की क्लास चलती है। कथक सीखते हैं।

▶▶ किर्गिस्तान कितना सुरक्षित हैं भारतीयों के लिए। अभी आना चाहिए, या कुछ रुक कर आना चाहिए?

▶▶ पूरी तरह से सुरक्षित है। किसी भी तरह से डर का सवाल नहीं है। भारतीय पर्यटक भी यहां पर आराम से आ सकते हैं।

▶▶ भारत के 17 हजार विद्यार्थियों के पालकों को क्या कहना चाहते हैं आप?

▶▶ आपके जो भी बच्चे यहां पर पढ़ रहे हैं, वो सभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। किसी भी तरह से चिंता करने की जरूरत नहीं है। फाइनल के विद्यार्थियों की परीक्षा चल रही है। हम लोग उम्मीद करते हैं कि सारे बच्चे यहां से पास होकर डॉक्टर बनकर भारत पहुंच जाए। जो बच्चे फर्स्ट और सेकंड ईयर में हैं, उनकी ऑनलाइन क्लास चल रही है।

### दिल्ली में बरस रही...

मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मौसम ने करवट ली है, अब गुरुवार से तापमान में मामूली कमी की संभावना बन रही है। हालांकि तापमान 45 डिग्री तक रह सकता है जिसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। लेकिन शुक्रवार से तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी की संभावना से राहत के आसार बन रहे है। आईएमडी की मानें तो शुक्रवार व शनिवार को दिल्ली में तापमान 42 डिग्री के करीब रह सकता है, हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। लेकिन इसके बाद पुन 3 जून से तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी, जो कई दिन जारी रह सकती है। बता दें कि इन दिल्ली वाले भीषण गर्मी और लू की मार झेलने को मजबूर है। दिल्ली में पारा 52 डिग्री तक को पार गया है। ऐसे में गर्मी से बेहाल दिल्ली वाले अब झमाझम बारिश के इंतजार में है। लेकिन इस महीने के अंत से पहले मानसून दिल्ली में आने वाला नहीं है।

### हम जांच के लिए...

में कोई षड्यंत्र है। यह जानना ओडिशा के लोगों का अधिकार है। कहीं इसमें उन लोगों का हाथ तो नहीं है, जो नवीन बाबू के नाम पर राज्य में सत्ता भोग रहे हैं। इस रहस्य से पर्दा उठना चाहिए। इसकी जांच जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद जब भाजपा की सरकार बन जाएगी तो हम स्पेशल कमेटी का गठन करेंगे। कमेटी यह जांच करेगी कि उनकी तबीयत के साथ यह क्या हो रहा है। उनकी सेहत अचानक क्यों खराब हो रही है।

### संघ अब 'नए...

का वर्ग 'संघ शिक्षा वर्ग-द्वितीय वर्ष' अब 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' के नाम से आयोजित किया जाएगा और संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष अब कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' के नाम से आयोजित होगा। सबसे पहले स्वयं सेवक को तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग करना होगा। इसके बाद ही वह सात दिन के प्राथमिक वर्ग में शामिल हो सकेंगे। इसके बाद संघ शिक्षा वर्ग में जा सकेंगे, जो 15 दिन का होगा। संघ ने प्रशिक्षण पाने के लिए स्वयंसेवकों के चयन में गुणवत्ता का भी ध्यान रखा है। 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग के बाद जिन कार्यकर्ताओं को आगे अहम दायित्व देना होंगे उनको कार्यकर्ता विकास वर्ग-1 में शामिल किया जाएगा। यह 20 दिन का होगा। वहीं, इसके बाद 25 दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय में शामिल हो सकेंगे। यह व्यवस्था इसी वर्ष से लागू कर दी गई है। गौर हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत बुधवार को 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-1' में शामिल होने के लिए भोपाल के शारदा विहार परिसर, रातीबड़ पहुंचे। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित भी करेंगे। उनका यहां पर चार दिन का प्रवास है।

**पहले यह थी व्यवस्था?:** दरअसल, संघ समय-समय पर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए जो आयोजन करता है, उसे वर्ग कहा जाता है। संघ के संस्थापक सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के समय से कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए संघ शिक्षा वर्ग आयोजित करने की परंपरा शुरू हुई थी।

1940 में नागपुर में पहली बार संघ शिक्षा वर्ग के आयोजन की शुरुआत हुई थी, जिसमें पहली बार संपूर्ण भारत से स्वयंसेवक प्रशिक्षण हेतु शामिल हुए थे। स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए पहले सात दिवसीय प्राथमिक वर्ग आयोजित होता था। इसके बाद क्रमशः संघ शिक्षा वर्ग-प्रथम वर्ष 20 दिन, संघ शिक्षा वर्ग-द्वितीय वर्ष 20 दिन और संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष 30 दिवसीय आयोजित किए जाते थे। अब इनके नाम और दिवस में बदलाव किया गया है। इसके साथ ही संख्या 4 से बढ़कर 5 प्रशिक्षण हो गई है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला

# ट्रायल कोर्ट में दाखिल मुस्लिम पक्ष की आपत्तियां हैं दोषपूर्ण

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही 18 सिविल वादों में से 12 की सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई है। शेष 6 वादों पर सुनवाई 30 मई को होगी। सिविल वाद कर पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट की वकील तसनीम अहमदी की ओर से सिलसिलेवार पेश आपत्तियों को हिंदू पक्ष के वादी आशुतोष पांडेय ने दोषपूर्ण बताया। दावा किया कि ट्रायल कोर्ट में शाही मस्जिद ईदगाह की ओर से दाखिल



आपत्तियां न तो हलफनामे से समर्थित हैं और न ही उन पर प्रतिवादी के हस्ताक्षर हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की अदालत कर रही है। मुस्लिम पक्ष ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की ओर से दाखिल वाद समेत 6 वादों में अतिरिक्त पक्ष रखने की मांग की है।

### राजनाथ का राजद-कांग्रेस पर तंज

# डायनासोर की तरह अब कांग्रेस होगी विलुप्त, लालटेन का तेल खत्म हुआ

एजेंसी ▶▶ पटना

रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को बिक्रमगंज के राजीव गांधी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने काराकट्ट लोकसभा से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालटेन अब बहकने लगा है। इससे समझ में आता है कि लालटेन का तेल खत्म हो गया है। राजद का हाल भी अब कांग्रेस की तरह होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले 10 सालों में बच्चों को यह पढ़ाया जाएगा कि कांग्रेस भी कोई पार्टी थी। जिस तरह से दुनिया में डायनासोर खत्म हो गया, उसी तरह कांग्रेस का भी नाम और निशान खत्म हो जाएगा।



#### मोदी तीसरी बार पीएम बन रहे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नारा दिया है अबकी बार 400 पार। जनता ने उन्हें आशीर्वाद दे दिया है। वे फिर से तीसरी बार देश के पीएम बनने जा रहे हैं। यह जनता ने तय कर लिया है। देश की जनता अपना मन बना चुकी है। कांग्रेस और राजद इस बार के लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी।*

### दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर

# अश्लील वीडियो का प्रसारण समाज के लिए खतरनाक

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महिलाओं के अश्लील वीडियो को वायरल करने के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। साथ ही इसे समाज के लिए खतरा बताया है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट की अदालत ने बुलंदशहर के थाना क्षेत्र खुर्जा नगर के दुष्कर्म और पॉक्सो के आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर करते हुए दिया है। इसके लिए साइबर अपराधों से जुड़े मामलों की जांच में बरती जा रही शिथिलता और गुणवत्ताहीन विवेचना को जिम्मेदार है।

▶▶ पहले सत्र न्यायालय आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर चुका

▶▶ पुलिस साइबर अपराधों की प्रभावी विवेचना करें

▶▶ ट्रायल कोर्ट के समक्ष हलफनामा दाखिल करें



#### नवंबर 2023 से जेल में है आरोपी

*पीड़िता ने दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को नवंबर 2023 में जेल भेज दिया था। आरोपी ने सत्र न्यायालय में जमानत की गुहार लगाई थी, जिसे सत्र न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।*

#### गुणवत्ताविहीन विवेचना से अपराधों पर लगाम नहीं

*कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों में पुलिस की ओर से हो रही गुणवत्ताविहीन विवेचना के कारण अपराधों पर लगाम नहीं लगाई जा पा रही है। कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को साइबर अपराध से जुड़े मामलों की प्रभावी विवेचना के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को इस मामले का निस्तारण एक माह के भीतर करने का भी निर्देश दिया है।*



फिटनेस

# हेल्थ-फिटनेस के लिए यूजफुल है साइक्लिंग

वर्ल्ड साइकिल-डे (3 जून) के मौके पर दो टीवी स्टार्स बता रहे हैं, साइक्लिंग को अपनी हेल्थ और फिटनेस के लिए वे कितना इंपॉर्टेंट मानते हैं?

## साइक्लिंग से इंप्रूव होती है हेल्थः आशुतोष कुलकर्णी



**एंड टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने वाले आशुतोष कुलकर्णी को साइक्लिंग करना बहुत अच्छा लगता है। साइकिल चलाने के फायदों के बारे में आशुतोष कहते हैं, 'यह अच्छी बात नहीं है कि कई यंग और मिड एज के लोग साइकिल को सिर्फ बच्चों के खेलने की चीज मानकर नकारते हैं और इससे मिलने वाले शारीरिक और मनोवैज्ञानिक फायदों को नहीं समझते हैं। साइक्लिंग से न सिर्फ मसल्स बनाने और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि कई बीमारियों का रिस्क भी कम होता है। इसलिए मैं जब भी संभव हो, साइकिल चलाता हूं। यह एक ऐसी कसरत है, जो हर उम्र के इंसान के लिए अच्छी है। मेरे विचार से साइकिल चलाने के अनेक लाभ हैं, जो न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि पर्यावरण और समाज के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से साइकिल चलाना हृदय को मजबूत करता है और हृदय रोगों के खतरे को कम करता है। पर्यावरण के संदर्भ में साइकिल चलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वायु प्रदूषण को कम करता है क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार के ईंधन की आवश्यकता नहीं होती। सामाजिक लाभों की बात करें तो साइकिल चलाने से ट्रैफिक जाम में कमी आती है, जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम होती है। मेरे फिटनेस शेड्यूल में साइक्लिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं हर सुबह अपने दिन की शुरूआत अपनी साइकिल पर सवार होकर करता हूं और अकसर आस-पास कहीं आने-जाने के लिए जरूरत पड़ने पर इसी का यूज करता हूं। शुरूआत में मैंने अपनी फिजिकल फिटनेस को बनाए रखने के लिए साइक्लिंग की, लेकिन वक्त गुजरने के साथ यह मेरे लिए काफी महत्व्पूर्ण हो गई, किसी थेरैपी की तरह। जब मैं साइकिल चलाता हूं, तब मेरा तनाव और चिंता दूर हो जाती है और मुझे खुशी और संतोष मिलता है।' *

## आई लव साइक्लिंगः विभव रॉय



**एक्टर विभव रॉय** इन दिनों स्टार भारत के शो 'शैतानी रस्में' में पीयूष गहलोत की भूमिका निभा रहे हैं। वे साइक्लिंग को हेल्थ और फिटनेस के लिए बहुत यूजफुल मानते हैं। इस बारे में वे डिटेल में बताते हैं, 'साइक्लिंग से जुड़ी मेरे मन में कई यादें हैं। मेरे मॉम-डैड साइक्लिंग किया करते थे। पहले मैंने छोटी सपोर्ट व्हील वाली साइकिल चलाना सीखा, फिर मैंने बिना सपोर्ट व्हील के इसे चलाना सीख लिया। मुझे मेरे डैड ने साइकिल चलाना और इसे बैलेंस करना सिखाया। मेरे पैरेंट्स साइक्लिंग एंज्वॉय करते थे, मुझे भी इसकी इंस्पिरेशन उन्हीं से मिली। मैं आस-पास कहीं भी जाने के लिए साइकिल ही यूज करता हूं। मेरा मानना है कि फिटनेस के लिए साइक्लिंग बहुत बढ़िया है। इससे बहुत अच्छी कार्डियो-वेस्कुलर एक्सरसाइज हो जाती है। यह स्टैमिना बढ़ाने के लिए भी काफी यूजफुल है। इसीलिए मैं निश्चित तौर पर डेली साइक्लिंग करता हूं। मैं उन सभी को साइक्लिंग की सलाह देता हूं, जो फिट रहना चाहते हैं। साइक्लिंग एक तीर से दो निशाने लगाने जैसा है। यानी इससे एक तो आप एक जगह से दूसरी जगह बिना पॉल्यूशन किए पहुंच जाते हैं, साथ ही आपका एक्सरसाइज भी हो जाता है। इसीलिए जिम, योगा क्लास या फिर डांस क्लास, आस-पास कहीं भी जाने के लिए मैं अकसर अपनी साइकिल ही यूज करता हूं। क्योंकि यह क्विक, फास्ट और ईको-फ्रेंडली होने के साथ-साथ हेल्थ के लिए भी अच्छा है और इसे पार्क करना भी आसान है। सो, आई लव साइक्लिंग!' *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

तंबाकू का सेवन व्यक्ति के शरीर में घातक बीमारियों का कारण बनता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस, उन करोड़ों लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इसका सेवन कितना खतरनाक होता है और इससे बचाव के लिए क्या कर सकते हैं, इस बारे में सभी को पता होना चाहिए।

# जिएं स्वस्थ-निरोग जीवन ना करें तंबाकू का सेवन



कई आंकड़े बताते हैं कि देश-दुनिया में करोड़ों लोग तंबाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करते हैं। यह शरीर के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। इससे कई जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं। इस बारे में आपको यहां विस्तार से बताया जा रहा है।

### निकोटिन है खतरनाक रसायन

आरएन टैगोर अस्पताल, कोलकाता में कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी-एडल्ट **डॉ. पंकज सिंह** के अनुसार, 'वर्तमान समय में चबाने वाले तंबाकू और धूम्रपान के रूप में तंबाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में किया जा रहा है। तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटिन एक बेहद नशीला रसायन है, जो तंबाकू के पौधों में पाया जाता है। तंबाकू के उत्पाद तंबाकू की पत्तियों को संशोधित करके तैयार किए जाते हैं। निकोटिन का सेवन हृदय में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और हृदय में रक्त को ले जाने वाली वाहिकाओं में संकुचन पैदा करता है। निकोटिन के कारण धमनियों की दीवारें भी सख्त होने लगती हैं, जिसके परिणामस्वरूप दिल का दौरा पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। यह रसायन आपके शरीर में 6 से 8 घंटे तक रहता है और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप दिन में कितनी बार निकोटिन का सेवन करते हैं।'

### स्मोकिंग के साइड इफेक्ट्स

स्मोकिंग करना भी हेल्थ के लिए कितना घातक है, इस बारे में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल आंकोलॉजी, **डॉ. समित पुरोहित** बताते हैं, 'सिगरेट में पाए जाने वाली तंबाकू गंभीर रूप से व्यक्ति के शरीर में समस्याएं उत्पन्न करती है। दरअसल, इसके धुएं में 7000 से भी अधिक रसायन पाए जाते हैं, जिनमें से सैकड़ों व्यक्ति के शरीर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। इन घातक रसायनों में कैडमियम, आर्सेनिक, बेंजीन, क्रोमियम, ब्यूटाडीन, फॉर्मेल्डिहाइड और टार जैसे कई नुकसानदेय रसायन होते हैं, जो शरीर में कई बीमारियों का कारण बनते हैं। इसके अलावा धूम्रपान करते समय आप कार्बन मोनोऑक्साइड को अपने अंदर लेते हैं, जो लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन की मात्रा को कम कर देता है। ये धमनियों की आंतरिक परत में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाता है और उन्हें सख्त कर देता है, जो दिल से जुड़ी बीमारियों के लिए जिम्मेदार होता है।'

### तंबाकू से होने वाली बीमारियां

तंबाकू का किसी भी प्रकार का सेवन किस तरह की बीमारियां उत्पन्न कर सकता है, इस बारे में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड क्लिनिकल लीड-सर्जिकल आंकोलॉजी, **डॉ. देबाशीष चौधरी** कहते हैं, 'तंबाकू और इसके विभिन्न उत्पादों के सेवन से कई प्रकार के घातक कैंसर का खतरा बढ़ता है। तंबाकू का सेवन मुख्य रूप से फेफड़े, मुंह, पेट, मूत्राशय, गुर्दे, अग्न्याशय और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। इसके अलावा धूम्रपान का सेवन मस्तिष्क में रक्त वाहिकाओं की परत में रक्त के थक्के बनाता है और उन्हें कमजोर करता है, जिससे स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। धूम्रपान के बाद शरीर में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जो लगातार बने रहने से कई तरह की समस्याओं को पैदा कर सकता है। कोरोनरी धमनी रोग, दिल के दौरे और फेफड़ों की बीमारी का खतरा भी तंबाकू के सेवन के कारण बढ़ जाता है।'




### तंबाकू के सेवन को छोड़ने के उपाय

हालांकि तंबाकू की लत छोड़ना थोड़ा टफ जरूर है लेकिन अगर कुछ उपायों पर अमल किया जाए तो ऐसा आसानी से कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-सर्जिकल आंकोलॉजी, **डॉक्टर अंशुमान कुमार** सलाह देते हैं, 'जब भी आपका तंबाकू सेवन का मन करे तो ध्यान रखें कि तंबाकू के सेवन की इच्छा चाहे कितनी ही तीव्र हो 5 से 10 मिनट के अंदर खत्म हो जाती है और इस समय आप अपने ध्यान को नियंत्रित करके तंबाकू को छोड़ने की ओर पहला कदम बढ़ा सकते हैं। डॉक्टर से संपर्क करके प्रिस्क्रिप्शन निकोटिन इनहेलर और स्प्रे जैसे निकोटीन रिप्लेसमेंट उपचारों के बारे में पता करें। तंबाकू के सेवन की इच्छा को ट्रिगर करने वाली चीजों के बारे में पता करें और उनसे दूर रहने का प्रयास करें। तंबाकू के सेवन की आदत की जगह पर



कैंडीज और शुगर फ्री गम चबाएं। निकोटिन की लालसा को खत्म करने के लिए नियमित एक्सरसाइज आपकी काफी मदद कर सकती है, इसे अपने डेली रूटीन में शामिल करें। तंबाकू का सेवन आपके शरीर में गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए इसे अपनी जीवनशैली से खत्म करने का संकल्प लें और उसे पूरा करने का प्रयास करें।'

**यहां ले सकते हैं हेल्पः** सरकार ने वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में नेशनल टोबैको क्विट लाइन सर्विस शुरू की है, जिसका टोल-फ्री नंबर (1800-11-2356) है। अगर आप तंबाकू का सेवन छोड़ने के इच्छुक हैं या किसी की हेल्प करना चाहते हैं तो इस पर संपर्क कर सकते हैं। *

### क्या कहते हैं आंकड़े

**साल 2020** में दुनियाभर में तंबाकू इस्तेमाल करने वाले लोगों का जो आयु विवरण था, उसके मुताबिक दुनिया की समूची आबादी के 22 से 23 फीसदी लोग किसी न किसी तरीके से तंबाकू या इसके उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे। इनमें 36.7 फीसदी पुरुष और इससे थोड़ी कम महिलाएं थीं। जबकि 15 से 24 साल तक के युवाओं में करीब 21 फीसदी ऐसे थे, जो तंबाकू की दर्जनों लतों में से किसी एक लत का शिकार थे। हैरानी की बात यह है कि दुनिया में 1 अरब 30 करोड़ से ज्यादा जो लोग तंबाकू के गंभीर उपभोक्ता हैं, उनमें 80 फीसदी से ज्यादा निम्न मध्यम आय वर्ग के लोग हैं। एक तरफ जहां ये लोग पहले से ही अपनी कमजोर स्वास्थ्य स्थितियों के कारण संपन्न लोगों के मुकाबले 5 से 7 साल कम जी पाते हैं, वहीं तंबाकू के अंधाधुंध इस्तेमाल के चलते ये अपनी उम्र में इतनी ही कमी और कर लेते हैं। हर साल जो इसके इस्तेमाल से करीब 60 लाख लोगों की मौत होती है, उसमें 80 फीसदी से ज्यादा गरीब और निम्न मध्यम आय वर्ग के लोग ही होते हैं। भारत में भी हर साल 4 लाख से ज्यादा लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के चलते होने वाले कैंसर से हो जाती है।

-अपराजिता

उपचार

**डॉ. संजना शर्मा**
आयुर्वेद विशेषज्ञ, दिल्ली

गर्मी के मौसम में कई लोग अपने पैर के तलवों में होने वाली जलन की समस्या से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए आप अपनी जीवनशैली और खान-पान में बदलाव के साथ कुछ आयुर्वेदिक उपचार भी आजमा सकते हैं।

# क्या आपको भी होती है इन दिनों पैरों में जलन



गर्मी के मौसम में होने वाली समस्याओं में एक कॉमन प्रॉब्लम है-पैर के तलवों में जलन होना या बर्निंग संसेशन होना। इसमें तलवों में झुनझुनाहट होती है, सुई चुभने का आभास रहता है और कई बार हल्का सा दर्द भी रहता है।

**हो सकते हैं कई कारणः** पेट में अधिक गर्मी होना, नर्वस सिस्टम के नर्व्स की क्षति होना, डायबिटीज, चर्मरोग होना, किडनी खराब होना, वेरिकोज वेंस, थाइरॉयड प्रॉब्लम, शरीर में यूरिक एसिड का बढ़ जाना, पोषक तत्वों की कमी खासकर विटामिन बी12 की कमी होना, कब्ज, गैस, एसिडिटी होना, पानी कम पीना, मसालेदार भोजन का अत्यधिक सेवन करना, फास्ट या जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन करना, तंबाकू, एल्कोहल का सेवन ज्यादा करना या खड़े रहकर काम ज्यादा करना।

**उपचार के तरीकेः** सबसे जरूरी है अपने खान-पान का ध्यान रखें। घर का बना ताजा और सात्विक भोजन करें। दिन में एक बार दही का सेवन जरूर करें। ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इसके अलावा कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

- एक टब में पानी लें। इसमें एक चम्मच एप्सम सॉल्ट या सेंधा नमक मिला लें। इसमें अपने पैरों को 15-20 मिनट तक डुबो कर रखें। ऐसा दिन में एक-दो बार कर सकते हैं।
- नीम के पत्तों को मिक्सी में बारीक पीस कर पेस्ट बनाएं। उसका लेप पैरों के तलवे पर लगाएं। एक-डेढ़ घंटा लगे रहने दें। गर्म पानी में थोड़ा-सा काला नमक मिलाकर धो लें। उसके बाद प्राकृतिक तेलों के मिश्रण (200 मिली. ऑलिव ऑयल और 50 मिली. रोजमेरी ऑयल) से पैरों की हल्की मालिश करें।
- एक चम्मच नारियल के तेल में एक चम्मच हल्दी पावडर मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को तलवों और आस-पास लगाने से आराम मिलता है।
- देसी मेहंदी को रात को पानी में भिगोकर लेप बनाएं। सुबह इस मेहंदी का लेप पैर के तलवे पर लगाएं।
- रात को सोने से पहले पैरों को ठंडे पानी से धोएं। नारियल तेल से तलवों की अच्छी तरह मालिश करें।
- सीताफल के डंठल वाले हिस्से को गोलाई में काट लें। इससे पैरों के तलवे की मालिश करें। इसकी ठंडी तासीर फायदेमंद होती है।
- 25-25 ग्राम साबुत धनिया और सौंफ रात को 2 गिलास पानी में भिगो दें। सुबह इन्हें मसलकर और छानकर दिन में 2-3 बार पिएं।
- दिन में एक बार नारियल पानी का सेवन करें।
- पालक, टमाटर, कद्दू, लौकी, करी पत्ते, पुदीना के पत्ते मिलाकर सूप पिएं।
- करेले के पत्तों को पीसकर पेस्ट बना लें। इसे पैरों पर 15-20 मिनट के लिए लगाएं। आराम मिलेगा।
- राइस/आरआईसीई थेरेपी भी अपना सकते हैं। आर यानी रेस्ट-पैरों को आराम दें। आई यानी आइस-बर्फ से ठंडा सेंक करने से आराम मिलता है। सी यानी कंप्रेशन-पैरों पर प्रेशर देते हुए मालिश करें। ई यानी एलिवेशन-सोते समय पैरों को थोड़ा सा ऊपर उठाकर रखें। इसके लिए पैरों के नीचे तकिया लगा सकते हैं। वैसे तो ये सभी उपाय आयुर्वेदिक हैं लेकिन आजमाने से पहले अनुभवी विशेषज्ञ से सलाह जरूर लेनी चाहिए। *

**प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा**

हेल्थ स्टडी

# महिलाओं में होती है अनिद्रा की अधिक समस्या



नींद न आना, रात भर करवटें बदलना, आज के दौर में लोगों की एक सामान्य समस्या बन गई है। लेकिन एक अध्ययन के अनुसार, महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अनिद्रा की समस्या होने का रिस्क 60 प्रतिशत ज्यादा होता है। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड और साउथेंप्टन यूनिवर्सिटी से जुड़ी रिसर्चर्स की इस टीम के द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि महिलाओं की नींद की क्वालिटी, पुरुषों की तुलना में काफी खराब थी। शोधकर्ताओं के अनुसार, इसका कारण महिलाओं की आंतरिक घड़ी (बॉडी क्लॉक) है, जो पुरुषों की तुलना में करीब छह मिनट तेज चलती है। उम्र बढ़ने के साथ, यह अंतर वातावरण के साथ तालमेल बिठा नहीं पाता, जिससे दिमाग और शरीर के बीच कम्यूनिकेशन में रुकावट आती है और नींद की कमी हो जाती है।

इस स्टडी के नतीजे स्लीप मेडिसिन रिव्यूज नामक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं की टीम ने पिछले अध्ययनों की भी समीक्षा की, जिसमें पाया गया कि पीरियड्स के बदलाव के साथ भी उनकी नींद की क्वालिटी में उतार-चढ़ाव देखा जाता है। 53 प्रतिशत महिलाओं को पीरियड्स के दौरान रात में एंग्जायटी होती है, जिस वजह से उनकी नींद टूट जाती है। *

**प्रस्तुतिःअजेश कुमार**


## अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने राहत दिलाने के लिए निर्देश दिए

# तेज गर्मी से लोगों को बचाने के लिए शहर और गांवों में होगी सार्वजनिक प्याऊ के साथ शेड, छांव की व्यवस्था

- डॉ. मोहन ने कहा- नगरों के साथ ही ग्रामों में भी जन सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ संचालित किए जाएं
- बस स्टॉप आदि पर छांव की व्यवस्था के साथ तेज गर्मी से बचाव के उपाय लागू करने के भी निर्देश दिए

## इंदौर में तलावली चांदा तालाब, खुरई में झील संरक्षण, अशोक नगर में जलाशय के संरक्षण कार्यों की व्यापक सराहना, प्रदेश में झील तथा तालाब संरक्षण की 48 परियोजनाएं स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में एक बैठक में तेज गर्मी को लेकर निर्देश दिए कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सार्वजनिक प्याऊ संचालित हों। पेयजल के कारण कहीं भी समस्या नहीं होना चाहिए। तेज गर्मी से नागरिकों को बचाने के लिए शहर और गांव में आवश्यक शेड और छांव की व्यवस्था की जाए। जहां आवश्यक हो ग्रीन नेट और वाटर स्प्रे के माध्यम से तेज गर्मी से लोगों को राहत दिलवाई जाए।

स्थानीय निकाय सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने प्रदेश में 5 जून से प्रारंभ हो रहे नमामि गंगे अभियान की तैयारियों के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नमामि गंगे अभियान से आमजन को जोड़ा जाए। प्रदेश में जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार और जल संरक्षण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रारंभ हो रहे जल संरक्षण अभियान, जल सम्मेलन आयोजन, जल संरचनाओं के अतिक्रमण हटाने के अभियान और जल स्त्रोतों को उपयोगी बनाने के कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा और संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आदि उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जी आईएससर्वे के आधार पर प्रदेश के नगरीय निकायों में आवश्यक सर्वे का कार्य किया गया है। प्रदेश में झील तथा तालाब संरक्षण की 48 परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इंदौर में तलावली चांदा तालाब, खुरई में झील संरक्षण, अशोक नगर में जलाशय के संरक्षण कार्यों की व्यापक सराहना हुई है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी नगरीय निकायों द्वारा जलाशयों के संरक्षण और उन्नयन के कार्य लगातार हो रहे हैं। नमामि गंगे अभियान के संबंध में सभी जिलों में आवश्यक निर्देश भेजे गए हैं। जनजागरूकता अभियान के माध्यम से भी गतिविधियों का सक्रिय रूप से संचालन किया जाएगा।

## जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन के लिए नगरीय निकायों में 5 से 15 जून तक चलेगा विशेष अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 15 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह विशेष अभियान स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक व अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जाएगा। अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रदेश भर में मौजूद जल स्त्रोतों के स्थाई संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी। अभियान के संचालन के लिए शहरी क्षेत्र में नगरीय विकास एवं आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने इस विशेष अभियान के सुचारू संचालन एवं गतिविधियों के संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी कलेक्टर्स से कहा है कि अभियान के दौरान अमृत 2.0 योजना के तहत प्रचलित जल संरचनाओं के उन्नयन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए। अमृत 2.0 योजना के तहत नगरीय निकाय में चयनित जल संरचनाओं के अतिरिक्त यदि कोई नदी, झील, तालाब, कुआं, बावड़ी उपलब्ध है, जिसके पुनर्जीवन, संरक्षण की जरूरत है, तो इनके उन्नयन कार्य स्थानीय सामाजिक एवं जनभागीदारी के माध्यम से कराया जाए।

### जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं, जनअभियान परिषद की सहभागिता से चलेगा अभियान

### डायवर्सन के बाद शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाए

जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नाले, नालियों को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम 2.0) के तहत लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट परियोजना के माध्यम से डायवर्सन के बाद शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाए। जल संरचनाओं के चयन के साथ ही इनके जीर्णोद्धार तथा नवीनीकरण के परिणाम संयोजित उद्देश्यों मसलन जलप्रदाय, पर्यटन, भू-जल संरक्षण, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन आदि भी स्पष्टतः तय कर लिए जाए। जल संरचनाओं के चयन एवं उन्नयन कार्य में जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जाए। नगरीय निकाय की ओर से मौके पर जाकर चिन्हित संरचनाओं की मोबाइल एप के जरिए जियो-टैगिंग कराई जाए। इस कार्य के लिए अमृत 2.0 योजना के तकनीकी सलाहकारों की मदद लें।

### प्रमुख सचिव के निर्देश- उन्नयन कार्य में जनभागीदारी का सहयोग लें

प्रमुख सचिव मंडलोई ने कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार, उन्नयन कार्य में जनभागीदारी का सहयोग लें। इसके तहत जीर्णोद्धार, नवीनीकरण किए जाने वाले जल संग्रहण संरचना के कैचमेन्ट में आने वाले अतिक्रमण एवं अन्य गतिरोधों को दूर करना और जीर्णोद्धार, नवीनीकरण के कार्य में अपने अनुभवों के आधार पर नगरीय निकाय जनभागीदारी से सलाह लेकर उपयुक्त कार्यों का चयन किया जाए। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने एवं कार्य के क्रियान्वयन में भी आवश्यक सहयोग लिया जाए। कार्य क्रियान्वयन के दौरान जनभागीदारी श्रम, सामग्री, मशीनरी अथवा धनराशि के रूप में भी ली जा सकती है। जीर्णोद्धार, नवीनीकरण कार्य की सतत निगरानी कर जीर्णोद्धार, नवीनीकरण के फलस्वरूप बढ़ी हुई जल भंडारण क्षमता के प्रयोजन एवं वितरण प्रणाली का निर्धारण किया जाए।


### उन्नयन कार्य में कैचमेंट का अतिक्रमण हटाएं

मंडलोई ने कहा जल संरक्षण के जीर्णोद्धार, उन्नयन कार्य में कैचमेन्ट के अतिक्रमण हटाए जाएं। कैचमेन्ट के उपचार नाले, नालियों की सफाई अथवा इनका डायवर्सन सिल्ट ट्रैप, पौधरोपण, स्टार्म वाटर ड्रेनेज मैनेजमेंट इत्यादि, बंड विस्तार, वेस्ट वियर सुधार अथवा निर्माण, जल-भराव क्षेत्र में जमा मिट्टी अथवा गाद को निकालना, डि वीडिंग एरेशन, पिचिंग, घाट निर्माण कार्य किए जा सकते हैं। जल संग्रहण संरचनाओं से निकाली गई मिट्टी एवं गाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किया जाए। जल संरचनाओं के किनारों पर यथासंभव बफर जोन तैयार किया जाए। इस जोन में हरित क्षेत्र, पार्क का विकास किया जाए। जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिए फेंसिंग के रूप में पौधरोपण किया जाए। इनके संरक्षण के लिए सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाया जाए।

### मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली

## उज्जैन में 15 और 16 जून को क्षिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी से जुड़ेंगे नागरिक

उज्जैन में आगामी 15 एवं 16 जून को नवमी एवं दशमी पर क्षिप्रा परिक्रमा के कार्यक्रम होंगे। रामघाट से यात्रा प्रारंभ होगी, जो दत्त अखाड़ा, त्रिवेणी, गढ़ कालिका और गोमती कुंड जैसे पवित्र स्थलों से निकलेगी। आम जन द्वारा पवित्र क्षिप्रा नदी को चुनरी अर्पित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अधिकारियों को मंत्रालय में हुई बैठक में क्षिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन शामिल होते इसलिये यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यक्रम पारंपारिक उल्लास के साथ संपन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 16 जून की शाम रामघाट, दत्त अखाड़ा क्षेत्र में होने वाले सांस्कृतिक आयोजन के स्वरूप की जानकारी प्राप्त की। यह कार्यक्रम महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ तरफ से होगा। इस अवसर पर शिप्रा नदी के महत्व और उसके सांस्कृतिक वैभव की जानकारी देने वाली विशेष पुस्तिका का लोकार्पण भी होगा। सदानीरा केंद्रित ऑडियो-वीडियो सीडी का लोकार्पण भी किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा और अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला और निदेशक महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ श्रीराम तिवारी ने क्षिप्रा परिक्रमा की तैयारियों पर प्रजेंटेशन दिया।



### यह सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्वः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के साथ ही प्रदेश की अन्य प्रमुख नदियों जैसे नर्मदा, चंबल, ताप्ती, सोन, सिंध और बेनगंगा आदि के तट पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और जलक्रीड़ा गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए। इसके साथ ही नदियों के किनारे स्थित देव स्थलों की सफाई और मंदिर परिसर की स्वच्छता के कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत बीस वर्ष से क्षिप्रा परिक्रमा, गंगा दशमी का आयोजन हो रहा है, जिसमें समाज का प्रबुद्ध वर्ग, आम नागरिक और इतिहास पुरातत्व के विद्वान भी शामिल होते हैं। यह सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व भी है। भजनों की प्रस्तुति और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम इसकी विशेषता है।इस समृद्ध परंपरा को पूरे प्रदेश में विस्तारित करते हुए नागरिकों की भागीदारी से अन्य नदियों के घाटों पर भी आयोजन करने की कल्पना को साकार किया जाए।

## खबर संक्षेप

### अंतरिम पेंशन पर महंगाई राहत की स्वीकृति

**भोपाल।** प्रदेश के पेंशनर्स और परिवार पेशनर्स, जिन्हें अंतिम पेंशन का भुगतान चौथे अथवा पांचवें वेतनमान में प्राप्त वेतन के आधार पर निर्धारित है, को महंगाई राहत के भुगतान के लिए वित्त विभाग ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। इनके लिए सरकार ने निर्णय लिया है कि इन्हें महंगाई राहत का भुगतान चौथे एवं पांचवें वेतनमान अंतर्गत निर्धारित महंगाई भत्ते की दर को आधार मानते हुए किया जाए। सरकार ने 15 मार्च 2024 के परिपत्र द्वारा चौथे एवं पांचवें वेतनमान अंतर्गत वर्तमान महंगाई भत्ते की दर निर्धारित कर रखी है। वित्त विभाग द्वारा जारी आज के आदेश में कहा गया है कि महंगाई राहत के कारण किए जाने वाले भुगतान 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे होने की स्थिति में उन्हें आगामी उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा तथा 50 पैसे अथवा उससे कम की स्थिति छोड़ देंगे।

### शहर के चौराहों पर 22 बच्चे भीख मांगते मिले

**भोपाल।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में बाल भिक्षावृत्ति को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान प्रशासन की टीम को शहर के चौराहों पर 22 बच्चे भीख मांगते हुए मिले। इनमें करोंद चौराहे पर 5, अयोध्या नगर में 6, छोला चौराहे पर 2, हनुमान मंदिर 1100 क्वार्टर में 3 बच्चे, लालघाटी में 4 बच्चे और कर्फ्यू वाली माता मंदिर पीरगेट से 2 बच्चे) बच्चे शामिल है। इस दौरान एक बेसहारा और विकलांग बालिका से आवेदन लिया गया है जिसमें उसे सरकारी योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

### महिला से छेड़छाड़, जांच के निर्देश, रिपोर्ट तलब

**भोपाल।** स्टेट सिचुएशन सेंटर में एसआई ने महिला सफाईकर्मी के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन 15 दिन के भीतर मांगा है।

## डॉ. शुभ्रा को फिलिपींस की विवि ने ग्लोबल नेशन अवार्ड से नवाजा

- डॉक्टर ऑफ डांस इन भरतनाट्यम की उपाधि से विभूषित किया
- पांडे के सम्मान में फरीदाबाद में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी की राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्यक्षा डॉ. शुभ्रा पांडे को ग्लोबल नेशन ओपन यूनिवर्सिटी (फिलिपींस) के द्वारा डॉक्टर ऑफ डांस इन भरतनाट्यम की उपाधि से विभूषित होने पर वेलफेयर के द्वारा सेक्टर-31, फरीदाबाद में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें यह सम्मान जानी मानी सुप्रसिद्ध कवियत्री सुनीता शारदा (एक्स प्रेसिडेंट इनरव्हल क्लब, संस्थापिका उद्गम साहित्यिक मंच, डायरेक्टर ऑफ़ पंखुड़ी लैमिनेटर्स) और प्रदीप वशिष्ठ ( रिटायर्ड हरियाणा पुलिस, समाजसेवी) द्वारा दिया गया। डॉ. शुभ्रा पांडे को यह सम्मान उनके द्वारा किए जा रहे हैं नृत्य के प्रचार-प्रसार और नृत्य के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है।




डॉ.पांडे विगत कई वर्षों से नृत्य की सेवा में लगी है। वह आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर वेलफेयर के सदस्य राजश्री, डॉ. आर.के.श्रीवास्तव, राजीव कोहली, डॉ.एस.के.शर्मा आदि उपस्थित रहे। वेलफेयर की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शुभ्रा जी के इस उपलब्धि से वेलफेयर के सभी सदस्यों में खुशी की लहर है। साथ ही उन्होंने सम्मानित अतिथियों और वेलफेयर के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया।

## नाबालिग चोर गिरफ्तार, दो लाख के जेवरात बरामद

**कोरबा।** कोरबा जिले में दर्री थाना के तहत एनटीपीसी कॉलोनी के तीन मकानों में हुए चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को निरुद्ध किया है जिसके पास से पुलिस ने एक बाइक समेत करीब दो लाख रुपयों के सोने चांदी के जेवरात बरामद किया है। एनटीपीसी निवासी अनीश खान पिता स्व. नसीर खान साकिन यमुना विहार एनटीपीसी कॉलोनी दर्री द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि कोई अज्ञात चोर इसके घर से सोने चांदी का आभूषण कीमती 1,50,000 रुपए चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, वही प्रार्थिया रागनी चौहान पति मालिक राम चौहान पता कावेरी विहार एनटीपीसी कॉलोनी दर्री द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि कोई अज्ञात चोर इसके घर से 40,000 रुपए नगदी एवं एक जोड़ी सोने का चूड़ी कुल कीमती लगभग 60,000 रुपए चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर दर्ज कर जांच की। प्रार्थी कुनाल चक्रवर्ती पिता स्व.तपन चक्रवर्ती पता सी/583 यमुना विहार दर्री में रहते हैं।

## अवैध फीस वसूली पर पूरे प्रदेश में होगी कठोर कार्रवाईः डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज भोपाल

प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा अवैध फीस वसूली और मनमानी को लेकर एक बार फिर प्रदेश सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। जबलपुर में 11 निजी स्कूलों पर सख्त कार्रवाई के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूरे प्रदेश में अवैध फीस वसूली पर कठोर कार्रवाई की बात कही है। मीडिया से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश निजी हो या फिर सरकारी स्कूल हो, उन्हें सेवा की भावना से काम करना चाहिए। शैक्षणिक सामग्री में अलग से कोई राशि लेंगे तो हमारी सरकार को बर्दाश्त नहीं है। हमने इसमें कहा कि यह किसी दृष्टि से उचित नहीं है।

## फोम फैक्ट्री में लगी भीषण आग दो महिला कर्मचारियों की मौत

हरिभूमि न्यूज रायपुर

राजधानी रायपुर के गोंदवारा स्थित फोम फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने से दो महिला कर्मचारियों की मौत की खबर सामने आई है। मौके पर घटना स्थल में पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं।

सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में काफी सामान होने के कारण भीषण आग से उठ रहे धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।

## राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार विजेता दर्शना गुप्ता की स्मृति में कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार प्राप्त एवं अनेक शिक्षा, सामाजिक उत्थान व नारी सशक्तिकरण संगठनों का नेतृत्व करने वाली दर्शना गुप्ता की स्मृति में दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संगीतांजलि से किया गया, जिसमें लोकप्रिय गायक स्वामी संजय प्रभाकरानंद ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के भावांजलि सत्र में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष बगडोदिया, हंसराज कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रमा शर्मा एवं अग्रवाल समाज के स्तम्भ प्रदीप मित्तल, बालकिशन अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, गोपालशरण गर्ग, शिवरत्न गुप्ता, अशोक बुवानीवाला, अरुण अग्रवाल ने दर्शना जी को याद करते हुए उनके जीवन के अनेक महत्वपूर्ण संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम के अत्यंत महत्वपूर्ण काव्यांजलि सत्र में प्रमोद शर्मा के संचालन में देश के मूर्धन्य कवि दिनेश रघुवंशी, गजेंद्र सोलंकी, राजेश चेतन, राजेन्द्र कलकल, रेखा गुप्ता,



बलजीत कौर, परम सचिन शालीन ने अपनी रचनाओं और दर्शना गुप्ता की स्मृतियों से जुड़े संस्मरणों को भावपूर्ण शब्दों में पिरोकर सभी उपस्थित महानुभावों को भाव विभोर कर दिया। परिवार के सदस्यों पति अजय बनारसी दास गुप्ता, बेटी आकृति गर्ग एवं बहू इशिता गुप्ता ने दर्शना गुप्ता के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंत में दर्शना गुप्ता जी के जीवन पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई जिसमें शिक्षा,संस्कृति,समाज कल्याण में उनकी सहभागिता, उपलब्धियों को प्रभावशाली तरीके से दिखाया गया। यहां बताना जरूरी है कि राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित करते वक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दर्शना गुप्ता को 'सामाजिक प्रेरणा' का नाम दिया था।


## गुमशुदा की तलाश


दौलत

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **दौलत, पिताः बुद्ध प्रकाश, पताः मकान नंबर 105, पिलखन निवास, मैदान गढ़ी, दिल्ली जोकि दिनांक 20.05.2024 को अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 55A, दिनांक 20.05.2024** पुलिस थाना मैदान गढ़ी,, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई हैः

**नामः दौलत, उम्रः 20वर्ष, कदः 5'0", रंगः गेहुंआ, पहनावाः सफेद सूट, काली पैन्ट व पैर में काले जूते।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना मैदान गढ़ी, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638 / 24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना मैदान गढ़ी,, दिल्ली
फोनः 7065569295

DP/6378/SD/2024

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 55 साल, **कदः** 5'5", **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** लाल रंग का पायजामा जिस पर सफ़ेद धारियाँ हों और बैंगनी / चेरी रंग की शर्ट, नंगे पैर, **बरामदी स्थलः** नई दिल्ली, हनुमान मंदिर के पास, कोठी नंबर 8 के सामने तुगलक रोड का फुटपाथ।

मृतक के शव को पहचान के लिए आरएमएल अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 77 A दिनांकः 27.05.2024 U/s 174 Cr.Pc पुलिस स्टेशनः तुगलक रोड, नई दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः तुगलक रोड, नई दिल्ली
मो. 011–23012100 / 8750870520

DP/6354/NDD/2024

## आईएसटी लिमिटेड

CIN: L33301HR1976PLC008316
पंजी. कार्यालय : धारूहेड़ा इंडस्ट्रीयल कॉम्पलैक्स, दिल्ली जयपुर हाईवे नं. 8, कापड़ीवास, धारूहेड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा)–123106
मुख्य कार्यालय : ए–23, न्यू ऑफिस कॉम्पलैक्स, द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024
Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email:istgroup.ho@gmail.com; Website: www.istindia.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का सार** (आंकड़े लाखों में यदि अन्यथा वर्णित हैं)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.03.2023 अंकेक्षित |
| 1 | कुल आय | 1443.86 | 1758.05 | 1204.43 | 6142.00 | 3925.58 | 4464.51 | 5776.62 | 4686.74 | 20495.04 | 16241.95 |
| 2 | असाधारण मदों और कर से पूर्व शुद्ध लाभ | 845.69 | 1172.86 | 340.42 | 3936.15 | 921.48 | 3383.67 | 4781.84 | 2719.55 | 16897.28 | 10679.22 |
| 3 | कर से पूर्व असाधारण मदों के बाद शुद्ध लाभ | 845.69 | 1172.86 | 340.42 | 3936.15 | 921.48 | 3383.67 | 4781.84 | 2719.55 | 16897.28 | 10679.22 |
| 4 | कर के बाद शुद्ध लाभ | 665.12 | 914.63 | 279.95 | 3105.85 | 777.50 | 2448.77 | 3215.51 | 1883.11 | 12560.18 | 8130.42 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर का शुद्ध) | 663.67 | 915.11 | 278.73 | 3105.81 | 779.38 | 3902.92 | 5887.64 | 1180.30 | 20298.16 | 7687.45 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/– प्रति शेयर) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | अन्य इक्विटी | | | | 24006.56 | 20900.75 | | | | 130656.47 | 110358.31 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/– प्रति शेयर) | | | | | | | | | | |
| | – बेसिक (रु.) | 5.70 | 7.84 | 2.40 | 26.63 | 6.67 | 21.11 | 27.66 | 16.15 | 108.04 | 70.07 |
| | – डायल्युटेड (रु.) | 5.70 | 7.84 | 2.40 | 26.63 | 6.67 | 21.11 | 27.66 | 16.15 | 108.04 | 70.07 |

टिप्पणी :–
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई लि.) के पास दायर किये गये 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.istindia.com पर उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/–
(एस.सी. जैन)
कार्यकारी निदेशक
डीआईएन : 00092079

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 29 मई 2024

## चिंतन

# लगातार बढ़ रही गर्मी के लिए जिम्मेदार हम सब

देश का बड़ा हिस्सा गर्मी से झुलस रहा है। उत्तरी भारत ने तो मानो तंदूर का रूप ले लिया है। केवल इंसान, पशु, पक्षी ही नहीं फसलें, पेड़-पौधे भी जल रहे हैं। नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को तो देश में सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दिल्ली ने तोड़ दिया। मंगेशपुर में दोपहर का तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश और राजस्थान में पारा दशकों के रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जो हो रहा है इसके लिए कोई और नहीं बल्कि हम खुद जिम्मेदार हैं। मानवीय गतिविधियां जो वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस छोड़ती हैं, तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि कर रही हैं, प्रति दशक औसतन 0.2 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.1 सेल्सियस)। तीन अतिरिक्त प्राकृतिक कारक भी इस वर्ष वैश्विक तापमान और ईंधन आपदाओं को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। दुर्भाग्य से, ये कारक इस तरह से मिल रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इससे भी बदतर, हम कम से कम 2025 तक असामान्य रूप से उच्च तापमान जारी रहने की उम्मीद कर सकते हैं, जिसका मतलब है कि निकट भविष्य में मौसम और भी अधिक गरम होगा। मनुष्यों ने वायुमंडल में बड़ी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें छोड़ कर 1900 के बाद से वैश्विक औसत तापमान लगभग 2 फ़ारेनहाइट (1.1 C) बढ़ा दिया है। उदाहरण के लिए, मनुष्यों ने मुख्य रूप से वाहनों और बिजली संयंत्रों में जीवाश्म ईंधन के दहन के माध्यम से वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 50 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। ग्रीनहाउस गैसों से होने वाली गर्मी वास्तव में 2 फ़ारेनहाइट (1.1 C) से अधिक है, लेकिन इसे वायु प्रदूषण जैसे शीतलन प्रभाव वाले अन्य मानवीय कारकों द्वारा छिपा दिया गया है। यदि मानव प्रभाव ही एकमात्र कारक होता, तो प्रत्येक क्रमिक वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्ष के रूप में एक नया रिकॉर्ड स्थापित करता, लेकिन ऐसा नहीं होता है। बड़े पैमाने पर अल नीनो प्रभाव के कारण पिछली बार वर्ष 2016 अब तक का सबसे गर्म वर्ष था। अब 2024 उसे पीछे छोड़ रहा है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो न केवल मानव बल्कि पूरी धरती पर जीवन ही कठिन हो जाएगा। कुछ मौसम विज्ञानी तो मानते हैं कि अगले कुछ साल बहुत कठिन हो सकते हैं। यदि अगले वर्ष एक मजबूत अल नीनो विकसित होता है, जो सौर अधिकतम और हंगा टोंगा-हंगा हा आपाई विस्फोट के प्रभावों के साथ संयुक्त होता है, तो पृथ्वी का तापमान संभवतः अज्ञात ऊंचाई तक बढ़ जाएगा। जलवायु मॉडलिंग के अनुसार, इसका मतलब संभवतः और भी अधिक गर्मी की लहरें, जंगल की आग, अचानक बाढ़ और अन्य चरम मौसम की घटनाएं होंगी। हाल के वर्षों में मौसम और जलवायु दोनों पूर्वानुमान बहुत विश्वसनीय हो गए हैं, जो पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहों से बड़ी मात्रा में डेटा और समुद्र, भूमि और वायुमंडल के जटिल घटकों के बीच गर्मी और पानी के प्रवाह और अंतरसंबंध की भविष्यवाणी करने के लिए विशाल सुपरकंप्यूटिंग शक्ति से लाभान्वित हो रहे हैं। केवल मौसम की पहले जानकारी मिल जाने से इंसान सतर्क तो हो सकता है, लेकिन उसमें बदलाव नहीं कर सकता। हम ऐसे कदम उठाने होंगे जिससे पूरे दुनिया पर मंडरा रहे खतरे को खत्म किया जा सके। अब तुरंत जरूरत इस बात की है कि खुद को और अपने परिवार को गर्मी से बचाकर रखें। दोपहर के समय अगर जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। बार-बार पानी पीते रहें। ऐसे फल खाए जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। तभी इस गर्मी से निपट पाएंगे। हां, याद रखे गर्मी का मौसम खत्म होते ही भूलें नहीं। ज्यदा से ज्यादा पेड़ लगाएं और प्रकृति से दोस्ती करें।

## हैपिनेस इंडेक्स रिपोर्ट

विरेंद्र कुमार यादव



# शांति, संतोष खुशी का आधार

दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में हैपिनेस करिकुलम लागू हुए 5 साल हो चुके हैं। साल 2018 में त्यागराज स्टेडियम में मशहूर आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने खुशी के पाठ्यक्रम का विमोचन करते हुए कहा था-'हरेक व्यक्ति अपने जीवन में खुशी चाहता है, मनुष्य जीवन का मकसद ही खुश रहना है, किंतु रोजमर्रा की भागदौड़ में हम अपने लिए एक घंटा भी नहीं निकाल पाते। आखिरकार खुशी के अहसास से वंचित ही रह जाते हैं। हैपिनेस यानी खुशी का संबंध इससे नहीं है कि हमारे पास प्रचुर मात्रा में भौतिक संसाधन हैं, या अथाह धन-संपदा है, बल्कि खुशी एक आंतरिक अवस्था है। यानी हैपिनेस का सीधा संबंध हृदयचक्र से है। विभिन्न परिस्थितियों में या तो हम अति-उत्साहित नजर आते हैं या फिर उदास हो जाते हैं। हैपिनेस की अनुभूति के लिए तमाम भावनात्मक परिस्थितियों के प्रति द्रष्टा भाव का बारंबार अभ्यास बेहद जरूरी है। इसके लिए 'माइंड फुलनेस' सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं कारगर एक्टिविटी है। माइंड फुलनेस कंप्लीट मेडिटेशन तो नहीं किंतु 'ध्यान' के करीब की एक सहज प्रक्रिया है। इसका संबंध किसी भी धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग से नहीं है। यह मन-मस्तिष्क को बेचैन करने वाले असंख्य विचारों को शांत करने की प्रैक्टिस है। जब व्यक्ति का हृदय प्रफुल्लित होता है तो उसकी तरंगें मन के माध्यम से बाहर की ओर रिफ्लेक्ट होने लगती हैं। हैपिनेस एक भावनात्मक अवस्था है, जिसका स्रोत हर व्यक्ति के भीतर मौजूद है। आर्थिक समृद्धि की अपेक्षा व्यक्ति की हैपिनेस उसके भावनात्मक बदलाव पर अधिक निर्भर करती है। तमाम भौतिक संसाधन व ऐश्वर्य न होने के बावजूद यदि व्यक्ति के दिल में शांति है, अपनी दिनचर्या के प्रति रचनात्मक दृष्टिकोण है, पॉजिटिव सोच है तो उसकी लाइफ हैपिनेस से परिपूर्ण है। गौरतलब है कि हर साल संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी की जाने वाली 'वर्ल्ड हैपिनेस इंडेक्स' रिपोर्ट में भी अमीरी और भौतिक सुविधाओं का आकलन खुशी के संदर्भ में नहीं किया जाता। हाल ही में जारी यूएन की हैपिनेस इंडेक्स रिपोर्ट में, जिसमें दुनिया के 146 देशों को शामिल किया गया। यूरोप के देश फिनलैंड को विश्व का सबसे खुशहाल देश चुना गया। मनोविश्लेषकों की राय है कि हमारे देश में लोग पारस्परिक व्यवहार में पारदर्शिता की बजाय बौद्धिक चतुराई का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, फलस्वरूप आंतरिक खुशी के अहसास से वंचित रह जाते हैं। इसके उलट फिनलैंड के निवासी आपसी व्यवहार में ईमानदारी बरतते हैं। फिनलैंड के लोगों की खुशी शांति, संतोष और सोशल सिक्योरिटी पर आधारित है। यहां के लोगों का क्षमाशीलता में अटूट विश्वास है। क्षमाशीलता ऐसा सद्गुण है, जिसके व्यावहारिक प्रयोग से हृदय में दीर्घकालिक खुशी का अहसास होता है। जरूरी नहीं है कि अरबपतियों से भरा देश हैपिनेस से परिपूर्ण हो। अमेरिका का रिकॉर्ड भी खुशहाली के लिहाज से अच्छा नहीं है। वहां सिर्फ आर्थिक विकास पर ध्यान दिया जाता है। वास्तव में हैपिनेस मापने के लिए आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा, पारस्परिक सहयोग व सहृदयता, शिक्षा की गुणवत्ता, मानसिक स्वास्थ्य, सामुदायिक सौहार्द, कर्तव्यनिष्ठा व पर्यावरण-संरक्षण जैसे कारकों पर विशेष ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। विश्व में 'हैपिनेस डे' का आगाज सर्वप्रथम भूटान द्वारा किया गया। भूटान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने जीडीपी के पीछे भागती-दौड़ती दुनिया को बतलाया कि खुशहाली का पैमाना 'सकल घरेलू उत्पाद' नहीं बल्कि 'सकल राष्ट्रीय खुशी' है। हैपिनेस को आत्मसात करने में भूटान के नागरिकों ने मिसाल कायम की है। भूटान के लोग यथार्थवादी और मिलनसार हैं, वे बड़ी कामयाबी हासिल करने की एवज में छोटी-छोटी खुशियों के पड़ावों को नजरअंदाज नहीं करते। भूटान के लोगों का विश्वास है कि जो दूसरों के प्रति सदैव करुणा और मंगल-मैत्री का भाव रखते हैं, उनका हृदय विषाद से मुक्त रहता है। यहां के लोग आत्मीयता और प्रेम को वरीयता देते हैं। अतीत पर पश्चाताप और भविष्य का भय छोड़कर वर्तमान का आनंद लेना ही भूटानवासियों के जीवन का मूलमंत्र है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एवं वर्ल्ड हैपिनेस रिपोर्ट के सह-संपादक जॉन हैलीवेल का कहना है कि किसी भी देश के नागरिकों के पारस्परिक विश्वास, लिबरल सोच व हैल्पिंग नेचर का हैपिनेस से सीधा संबंध है और फिनलैंड व भूटान के लोगों में ये तमाम गुण अन्य देशों की बनिस्पत ज्यादा मिलते हैं। फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ओफ हेलसिंकी के मनोवैज्ञानिकों भी इस बात से सहमत हैं कि हैपिनेस के लिए आपसी भरोसा, दूसरे के हितों को तरजीह देना और उदारता सबसे अहम है। दिलचस्प बात यह है कि फिनलैंड में आप्रवासी व अजनबी भी उतने ही भरोसेमंद हो जाते हैं, जितने कि यहां के मूल निवासी।

(लेखक शिक्षा निदेशालय दिल्ली में उप प्रधानाचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



# जन सरोकार हो पत्रकारिता का उद्देश्य


हिंदी पत्रकारिता दिवस

डॉ ऐश्वर्या झा

दी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को पेशे से वकील पं. जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा बंगाल में की गई थी। पत्र का नाम था 'उद्दत मार्तंड' मगर आर्थिक दबावों के कारण इस पत्र को जल्द ही बंद करना पड़ा। उद्दंत मार्तंड का सूर्य मीडिया क्रांति के अनगिनत रूपों का सामना करता हुआ आज भी प्रजातंत्र का मजबूत चौथा स्तम्भ है। समाचार पत्रों को समाज का दर्पण माना जाता है। समाचार पत्र-पत्रिकाएं आम नागरिकों को सशक्त बनाती हैं। हिन्दी पत्रकारिता आज़ादी के बाद लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता रक्षक का कार्य करती रही है। जरूरत इस बात की है कि हिंदी पत्रकारिता बौद्धिकता बरक़रार रखे। उसे विकास और परिवर्तन का वाहक बनना होगा।

दो में से क्या तुम्हें चाहिए कलम या कि तलवार। कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली, दिल की नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली कलम की इसी ताक़त को मज़बूती से बयां करता है...पत्रकारिता का विशाल संसार। प्रजातांत्रिक व्यवस्था के तीन स्तंभ व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका है, किंतु प्रजातांत्रिक व्यवस्था एवं समाज के मध्य समन्वय, तारतम्यता एवं नागरिकों में दायित्व बोध कराने वाला चौथा स्तम्भ पत्रकारिता ही है। भारत में सबसे अधिक पाठक एवं समाचार पत्र हिंदी के हैं। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को पेशे से वकील पं. जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा बंगाल में की गई थी। पत्र का नाम था 'उद्दत मार्तंड' मगर आर्थिक दबावों के कारण इस पत्र को जल्द ही बंद करना पड़ा। इसका आखिरी अंक 4 दिसंबर 1827 को निकला। 1826 में उदित हुआ उद्दंत मार्तंड का सूर्य मीडिया क्रांति के अनगिनत रूपों का सामना करता हुआ आज भी प्रजातंत्र का मज़बूत चौथा स्तम्भ है।

इक्कीसवीं सदी में जब इंटरनेट के प्रसार के कारण और मोबाइल क्रांति के कारण हर व्यक्ति पत्रकार होता जा रहा है। भारत में ऑडियो-विजुअल, डिजिटल माध्यम और ऑनलाइन मीडिया के दौर में भी प्रिंट मीडिया का विकास नहीं रुका है। भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट 'प्रेस इन इंडिया 2022-23' के अनुसार 31 मार्च, 2023 तक देश में अलग अलग समाचार पत्र एवं पाठक की संख्या के अनुसार हिंदी समाचार पत्र 4496 एवं 10. 79 करोड़ पाठक के साथ दूसरी भाषा से कई गुना आगे है। हिंदी के बाद उर्दू (1123 एवं 2. 02 करोड़पाठक), तेलुगु (1078 एवं 1. 38 करोड़ पाठक) एवं अंग्रेजी (811 एवं 2. 27 करोड़ पाठक) भाषा का स्थान है। पत्रिकाओं में भी हिंदी की 16,782 पत्रिकाएं पंजीकृत एवं मराठी में 2,753 पत्रिकाएं, अंग्रेजी की 2443, तेलुगु की 2279, गुजराती की 2019 एवं उर्दू की 1705 पत्रिकाएं पंजीकृत हैं। देश में हिंदी दैनिक समाचार पत्रों एवं पंजीकृत पत्रिकाओं की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले कुछ वर्ष में पत्रकारिता के क्षेत्र में कई अहम बदलाव हुए हैं जिनका प्रभाव पत्रकारों के साथ-साथ उनके पाठकों पर भी पड़ता है। हिंदी पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका में निरंतर बदलाव आया है। हिंदी पत्रकारिता में डिजिटल माध्यम पर ज़ोर दिया जाता है। मोबाइल इंटरनेट क्रांति एवं डिजिटल मीडिया की लोकप्रियता ने न्यूज़ देने के माध्यम में कई बदलाव आए हैं। राजनीति एवं सामाजिक ध्रुवीकृत माहौल के कारण कई समाचार स्रोतों में व्यापक अविश्वास पैदा हो गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक आदि ने समाचार पत्र की अहमियत को पुनः बढ़ा दिया है। आज पत्रकार और पत्रकारिता के प्रतिमान बदल गए हैं या बदल दिए गए हैं। बालकृष्ण भट्ट, महावीर प्रसाद द्विवेदी, गणेश शंकर विद्यार्थी, विष्णुराव पराड़कर, धर्मवीर भारती जैसे महान सम्पादकों की शृंखला आज समाप्त प्राय सी हो गई है जिसका प्रमुख कारण मीडिया और पत्रकारिता का घोर व्यावसायिक होना है। हिंदी व्याकरण को ध्यान में रखते हुए शुद्ध लेखन शैली आज के पत्रकार के लिए चुनौती है



क्योंकि हिंदी में बिंदी का भी बड़ा महत्व रहता है, अर्थ का अनर्थ और शब्दांश की व्यापक सार्थकता भी प्रभावित हो जाती है।

आज देश में आम चुनाव अपने आख़िरी चरण की ओर अग्रसर हैं, जिसमें अपनी भूमिकाओं को पूरा करने के लिए, प्रिंट मीडिया को अपने कवरेज में उच्च स्तर की व्यावसायिकता, सटीकता और निष्पक्षता बनाए रखने की आवश्यकता है। बिना अख़बार के समाचार के चुनाव अकल्पनीय है या यूं कहें कि असंभव है। एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव न केवल मतदान करने की स्वतंत्रता और वोट देने के तरीके की जानकारी के बारे में है, बल्कि एक भागीदारी प्रक्रिया के बारे में भी है, जहां मतदाता सार्वजनिक बहस में भाग लेते हैं और उन्हें पार्टियों, नीतियों, उम्मीदवारों और चुनाव प्रक्रिया के बारे में पर्याप्त जानकारी होती है। यह सारे काम आज की पत्रकारिता करती है। वो इस कार्य में कितनी सफल है यह विचार का विषय है। ऐसा नहीं है कि अब पत्रकारिता ने सामाजिक बदलाव में उत्प्रेरक नहीं बनी है, किंतु पेड न्यूज़ एवं सत्ता के साथ या खिलाफ का आरोप भी लगा है। निर्भया केस, हालिया पुणे में नाबालिग द्वारा ड्राइविंग केस कई ऐसे उदाहरण हैं जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दबाव ने अपराधियों को पकड़ने में सहायता की है। प्रेस का काम सूचना देने के साथ-साथ शिक्षित भी करना है। जनता को सरकार की नीतियों के बारे में अवगत कराना है। जनमत निर्धारित करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसी कारण सम्पादकों, रिपोर्टरों से निष्पक्षता अपेक्षित होती है। भारत में मुख्यधारा की पत्रकारिता या तो सरकार की पूर्णरूपेण समर्थक या पूर्णरूपेण सरकार विरोधी रुख से ग्रस्त रही है। इससे आम लोगों से संबंधित मुद्दों की उपेक्षा होती है। इस तरह का चरम दृष्टिकोण लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

डिजिटल क्रांति के तकनीकों ने मीडिया के क्षेत्र को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। विज्ञापन के प्रभाव से यह क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा। चाहे वो अखबार का पहला पृष्ठ हो या न्यूज़ चैनल का समाचार बुलेटिन, खबरें नहीं होतीं। पहले पृष्ठ पर ही रंग-बिरंगे विज्ञापन और चैनलों में 'स्पोंसर' (प्रायोजक)। समय और स्थान जब विज्ञापन ले रहे हैं तब उनमें ख़बरों की सत्यता की जगह पर सवाल उठना तो लाजिमी है।

जब समाचार पत्र निकालने के साधन सीमित थे, आर्थिक सहायता न के बराबर थी तब सम्पादक निर्भीक, स्वतंत्र थे, उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं था। उनका 'टारगेट ' मनुष्य था, पूंजी कमाना नहीं। आज की पत्रकारिता की विडंबना यह है कि नए तकनीक की सुविधाओं ने मीडिया की व्यापकता को विस्तार तो दिया, किन्तु उसकी वस्तुपरक स्थिति और साख में निरंतर गिरावट आई है। गैब्रिएल गार्सिआ मार्खेज़ ने कहा है कि यदि कविता में एक भी सच हो तो पूरी कविता महत्वपूर्ण हो जाती है और समाचार में एक भी झूठ हो तो पूरा समाचार बेकार हो जाता है। आज जब हाथ में कैमरा लिए हर व्यक्ति पत्रकार बन गया है, समाचार मिलते नहीं बनाए जा रहे हैं। ऐसे समय में यह पत्रकारों के साथ-साथ अन्य हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि समाचार की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। सार्वजनिक संवाद को बढ़ावा, सरकारी तंत्र को जवाबदेह, स्वतंत्र पत्रकारिता, नैतिकता का पालन करना आज की पत्रकारिता का उद्देश्य होना चाहिए।

समाचार पत्रों को समाज का दर्पण माना जाता है। समाचार पत्र-पत्रिकाएं आम नागरिकों को सशक्त बनाती हैं। हिन्दी पत्रकारिता की कहानी भारतीय राष्ट्रीयता की कहानी है एवं आज़ादी के बाद लोकतंत्र के लिए पत्रकारिता रक्षक का कार्य करती रही है। जरूरत इस बात की है कि हिंदी पत्रकारिता अपनी बौद्धिकता बरक़रार रखे। उसे पुनः बाज़ारवाद को छोड़कर अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर सामाजिक विकास और परिवर्तन का वाहक बनना होगा।

(लेखिका त्रिपुरा विवि में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित

दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूंगी। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेंगी। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देंगे क्योंकि मैंने सुना है कि कर्म का महत्व होता है। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा है। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### धर्म के नाम पर आरक्षण क्यों

हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने धर्म के नाम पर आरक्षण को गैर संवैधानिक बताते हुए इसे लागू न करने का आदेश देते हुए ममता बनर्जी सरकार को झटका दिया। जो मजहब के नाम पर आरक्षण की मांग कर रहे हैं, उनसे एक सवाल है कि मान लो धर्म विशेष का कोई व्यक्ति समृद्ध है, लेकिन उसका बच्चा पढ़ने-लिखने में कमजोर है या फिर पढ़ाई करने में लापरवाही बरतता है, लेकिन किसी कोर्स या नौकरी में उसे आरक्षण के कारण प्रवेश मिल जाता है और वहीं दूसरी तरफ किसी दूसरे मजहब के गरीब व्यक्ति का बच्चा पढ़ाई में दिन-रात मेहनत करता है, लेकिन उसे धर्म विशेष के आरक्षण के कारण कहीं कोर्स या नौकरी में प्रवेश नहीं मिलता है, क्योंकि हर जगह सीटों की संख्या सीमित होती है, क्या यह दूसरे धर्म के मेहनती युवाओं के साथ बेइंसाफी नहीं होगी? - *संदीप पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# एवरेस्ट पर बढ़ते कचरे को लेकर शेरपा ने जताई चिंता



एवरेस्ट पर्वत के महानतम गाइड में एक शेरपा गाइड कामी रीता ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर पर बढ़ते हुए कचरे को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने एवरेस्ट दिवस पर नेपाल सरकार द्वारा सम्मानित किये जाने पर अपने संबोधन में यह चिंता जतायी। एवरेस्ट पर्वत शिखर पर रिकॉर्ड 30 बार चढ़ाई करने वाले शेरपा गाइड कामी रीता को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ने बुधवार को यहां एवरेस्ट दिवस पर सम्मानित किया। आज ही के दिन 29 मई, 1953 को न्यूजीलैंड के पर्वतारोही एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा तेनजिंग नॉर्गे ने पहली बार एवरेस्ट पर्वत शिखर पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की थी। कामी रीता ने अपने संबोधन में कहा कि वह जमा हो रहे कचरे से बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'इस ओर तत्काल हमें ध्यान देना बहुत जरूरी है।' कामी रीता ने कहा कि एवरेस्ट दिवस वास्तव में सरकार द्वारा पर्वत शिखर के निकट स्थित शिविरों की सफाई के लिए अभियान चलाकर मनाया जाना चाहिए। एवरेस्ट पर्वत शिखर पर लगभग हर साल सफाई अभियान चलाए जाते हैं। नेपाली सैनिकों की एक टीम अभी भी एवरेस्ट पर मौजूद है और पिछले अभियानों के दौरान छोड़े गए कचरे को उठा रही है।

## ऑफ बीट

# जब पक्षी घर से दूर होते हैं तब भी गीत गाते हैं



वसंत के आगमन के साथ, एक सदियों पुराना सिलसिला एक बार फिर शुरू होता है और सदा की तरह नर पक्षी मादा को आकर्षित करने और अन्य प्रतिस्पर्धी नर से अपने क्षेत्र की रक्षा करने के लिए हवा को अपने गीतों से भर देते हैं। लेकिन हम अभी भी इस बारे में बहुत कुछ नहीं समझ पाए हैं कि पक्षी गाना कैसे सीखते हैं। हमारा नवीनतम अध्ययन नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और सुझाव देता है कि जीन वैज्ञानिकों की अपेक्षा से अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्व की लगभग आधी पक्षी प्रजातियों में, युवा पक्षी वयस्कों के गीतों की नकल करके सीखते हैं। जैसे-जैसे पक्षी एक-दूसरे से गीत सीखते हैं, गलतियाँ अनिवार्य रूप से होती हैं, जिससे एक ही प्रजाति की आबादी के बीच गीतों में भिन्नता होती है, जैसे मानव भाषाओं में बोलियों में फर्क होता है। मादा पक्षी आमतौर पर उन नर को पसंद करती हैं जो स्थानीय आबादी के विशिष्ट गीत गाते हैं, क्योंकि इससे पता चलता है कि वे आस-पास के वातावरण के लिए अच्छी तरह से अनुकूलित हैं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रों की रक्षा के लिए गाने महत्वपूर्ण हैं। बाहरी गीत गाने वाले नर पक्षी अक्सर स्थानीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ उतने सफल नहीं हो पाते हैं।

## ट्रेंड

### मोदी का व्यवहार प्रेरणास्रोत



भीड़ के बीच मोदीजी ने उनकी हालत देखी और अपनी मेडिकल टीम को मदद करने की सलाह दी। उनकी इसी संवेदनशीलता, सबकी चिंता और सेवा भाव के कारण पूरा भारत उनके परिवार का सम्मान करता है। आम जीवन में मोदी का ऐसा व्यवहार हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री


### जलवायु संकट के कारण



जलवायु संकट के कारण उठ रही लहरों के बीच हम किसी भी देश का लुप्त हो जाना स्वीकार नहीं कर सकते। यह विचार कि जीवाश्म ईंधन उद्योग द्वारा मुनाफाखोरी के लिए एक संपूर्ण द्वीप राज्य को अतिरिक्त क्षति हो सकती है, बिल्कुल अश्लील है।

-एंटोनियो गुटेरेस, यूएन महासचिव

### पहले अपना ध्यान रखें



यदि आप मानवीय पीड़ा के बारे में वास्तव में कुछ करने के इच्छुक हैं, तो यह आवश्यक है कि आप सबसे पहले अपना ध्यान रखें, और इसके साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों का भी ध्यान रखें। शुरुआत करने का यही सबसे अच्छा तरीका है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### अच्छे नियमों का पालन



कुछ अच्छे नियम-भविष्य पर ध्यान दो। सिर्फ एक विक्रेता नहीं, बल्कि एक अच्छा व्यवसायी बनना सीखें। ग्राहक की बात सुनें, उन्हें यह लगभग हमेशा मिलता है। अपने सभी साझेदारों के साथ जीत-जीत वाले रिश्ते बनाएं। मजे करो, यह इसके लायक है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बंगाल में प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला

# परिणाम आने के 6 महीने के अंदर आएगा बड़ा राजनीतिक भूचाल वंशवादी राजनीति वाले कई सियासी दल खुद ही 'खत्म' हो जाएंगे

पीएम मोदी ने बंगाल की ममता सरकार को आड़े हाथ लिया। इसके साथ ही मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर भी करारा हमला किया। उधर, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी प्रचार किया। कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी मैदान में रहे।



एजेंसी ⏭ कोलकाता

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के 6 महीने के अंदर ही देश की राजनीति में बड़ा भूचाल आएगा। बंगाल की ममता बेनर्जी सरकार राज्य की डेमोग्रेफी बदलने में जुटी है। आपका एक वोट देश की राजनीतिक दिशा बदल देगा। 4 जून के बाद अगले 6 महीनों में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आएगा। वंशवादी राजनीति के भरोसे चलने वाले कई राजनीतिक दल खुद ही खत्म हो जाएंगे। वे खुद जानते हैं कि देश किस दिशा में बढ़ रहा है और उनकी पार्टियों की क्या स्थिति है।

हालांकि उन्होंने खुलकर यह नहीं कहा कि राजनीतिक भूचाल की क्या बात है। दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह बात कही। मोदी ने कहा कि ममता की सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करती है, संतों पर हमले होते हैं। इसके अलावा केंद्रीय योजनाओं को भी रोका जा रहा है। बंगाल में तेजी से घुसपैठ बढ़ रही है।

### घुसपैठिए बंगाल के युवाओं का हक छीन रहे

उन्होंने कहा कि घुसपैठिए बंगाल के युवाओं के हाथों से अवसर छीन रहे हैं। वे आपकी जमीन और संपत्तियां कब्जा रहे हैं। पूरे देश में इसे लेकर चिंता है। सीमांत इलाकों की डेमोग्रेफी बदल रही है। आखिर टीएमसी क्यों सीएए का विरोध करती है और झूठ फैलाए जाते हैं।






### मयूरभंज में 5 साल का प्लान भी बताया

पीएम मोदी ओडिशा के मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं महाराजा श्रीराम चंद्र भंजदेव और पंडित रघुनाथ मुर्मू जी को भी आदरपूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि दशक के बाद लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का देश ने निर्णय कर लिया है। जो विकास लोगों ने दशकों में नहीं देखा था वो पिछले दस साल में देखा है। 2014 में 11वें नंबर की इकोनॉमी में थे। आज दुनिया की 5वीं आर्थिक ताकत बन गए हैं। स्वच्छता का दायरा 100 प्रतिशत के करीब है। करीब-करीब 100 प्रतिशत घरों में महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल चुकी है।75 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंच रहा है। कभी मुक्त अनाज और मुफ्त इलाज भी मिल सकता है, ये देश में किसी ने नहीं सोचा था। मोदी ने आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज भी दिया है और आने वाले पांच साल में ये मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। मैं ऐसे सैकड़ों बातें बता सकता हूं, लेकिन ये सब तो ट्रेलर है।

### आदिवासी कल्याण का बजट 5 गुना बढ़ाया

मोदी ने कहा कि मोदी सरकार है जिसने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। मोदी सरकार ने आदिवासी कल्याण का बजट 5 गुना बढ़ा दिया। पहली बार उन जनजातियों की भी सुध ली और वो लेनेवाला भी आपका सेवक मोदी है। जो सबसे पिछड़ा है उनके लिए पहली बार 24 हजार करोड़ रुपए की पीएम जनमन योजना बनाई है। इस योजना से ओडिशा में भी अति पिछड़ी आदिवासी जातियों के लिए पक्के घर, स्कूल, अस्पताल और सड़कें ये सारे काम होंगे।

#### गृहमंत्री शाह ने किया ऐलान

### सहारा में जिनका पैसा फंसा है हम उनकी पाई-पाई वापस करेंगे



**महाराजगंज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर जोरदार हमला बोला। अभी ये सहारा के रिफंड का मुद्दा उठा रहे हैं। जब सहारा का घोटाला हुआ तो किसका राज था? अखिलेश की सरकार में घोटाला हुआ। शाह ने कहा कि मोदी ने तो रिफंड की शुरुआत की। सहारा में जिन लोगों का पैसा फंसा है, हम उनकी पाई-पाई वापस करेंगे। महाराजगंज जिले के जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज के ग्राउंड में पंकज चौधरी के समर्थन में कहा कि विपक्ष ने तय कर लिया है कि अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना है। यूपी के देवरिया में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि 4 जून को राहुल ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ देंगे।

### अजय राय ने निकाली पदयात्रा, मंदिरों में टेका माथा

**वाराणसी।** इंडी गठबंधन के प्रत्याशी व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को संत रविदास मंदिर से चितरंजन पार्क तक पदयात्रा निकाली। भैंसासुर घाट से दशाश्वमेध घाट तक पड़ने वाले मंदिरों में शीश नवाकर काशी की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगा। पदयात्रा राजघाट, गायघाट, बांसफाटक और गोदौलिया होते हुए चितरंजन पार्क पर समाप्त हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राजघाट स्थित संत रविदास मंदिर, राज मंदिर, चौखंभा, ठठेरी बाजार, गौदालिया, क्षेत्र के मंदिरों में पदयात्रा के दौरान दर्शन पूजन किया। दूसरी ओर, चौकाघाट पानी टंकी से नेशनल इंटर कॉलेज, हनुमान फाटक, बलुआबीर बाबा, हरतीरथ तक रमजान अली के नेतृत्व में पदयात्रा निकली। पदयात्रा में स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



#### परिवार की इच्छा का सम्मान कर रहा

### राजनीति में नहीं आऊंगा, यह मेरा काम नहीं, मैं तो अर्थशास्त्री हूं



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि परिवार की इच्छा का सम्मान करते हुए वह राजनीति में नहीं उतरना चाहते। इसके बजाय वे जहां संभव हो मदद करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मेरा काम राजनीति नहीं है। मैं अर्थशास्त्री हूं। मैं इस काम को बखूबी कर सकता हूं। अगर मुझे कहीं भी लगता है कि सरकार की नीतियां पटरी से उतर रही हैं तो मैं उसके बारे में बात करता हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं सरकार का हिस्सा हूं या नहीं। इसके पहले खबर थी कि वे कांग्रेस में शामिल होंगे। बुधवार को यह स्पष्टीकरण दिया है।

#### बालासोर में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

### यहां 50 फीसदी भी जीते तो हुकूमत हमारी



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बड़ा दावा किया है। खरगे ने दावा किया कि 4 जून के बाद पीएम मोदी को सत्ता से हटा दिया जाएगा। खरगे ने ओडिशा के बालासोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। खरगे ने कहा कि 4 जून के बाद पीएम मोदी को सत्ता से हटा दिया जाएगा। एक तरफ सोनिया गांधी, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे लोग हैं जो ओडिशा से प्यार करते हैं। अगर हम ओडिशा में 50 फीसदी सीटें जीतते हैं तो हम केंद्र में सरकार बनाएंगे।

#### पंजाब में राहुल गांधी का बड़ा ऐलान

### इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही होगा किसानों का कर्जा माफ



**लुधियाना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब के लुधियाना में एक रैली को संबोधित किया। राहुल ने इस दौरान किसानों से एक बड़ा वादा किया। उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के तुरंत बाद किसान कर्जा माफी आयोग बनाने की बात कही। राहुल ने किसानों की कर्ज माफी का ऐलान करते हुए कहा कि जैसे ही इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, हम किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। उन्होंने कहा कि ठीक उसी तरह जैसी भाजपा अरबपतियों का कर्ज माफ करते हैं।

#### रिजल्ट के पहले केजरीवाल ने कहा

### गठबंधन से हमने कोई शादी थोड़ी की है



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन हमेशा के लिए नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि आप और कांग्रेस यह दोनों पार्टियां सिर्फ इसलिए साथ आईं ताकि भाजपा को हराया जा सके। केजरीवाल ने कहा कि 4 तारीख को बड़ा सरप्राइज मिलेगा और विपक्षी दलों के गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतेगी। आप कांग्रेस के साथ परमानेंट गठबंधन में नहीं है। केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन पर कहा कि हमने कोई परमानेंट शादी थोड़ी की है।

**जेल में रखा तो बिना प्रचार के दिल्ली में सभी 70 सीट जीतेंगे**

केजरीवाल ने दावा किया कि अगर उन्हें जेल में रखा गया तो आप बिना प्रचार के भी 70 सीटें जीतेगी।


#### बवाल हुआ तो अय्यर ने मांगी माफी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सीनियर नेता मणिशंकर अय्यर अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। एक बार उन्होंने फिर से ऐसा बयान दिया, जिससे बवाल खड़ा हो गया और कांग्रेस को उनके बयान से किनारा करना पड़ा। अब अय्यर ने 1962 में हुए चीन के आक्रमण के लिए 'गलती से' 'कथित' शब्द का इस्तेमाल करने के लिए मंगलवार को माफी मांगी।

## खबर संक्षेप

### रसायन फैक्टरी विस्फोट केस में एक और गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में पिछले सप्ताह रसायन फैक्टरी में विस्फोट मामले में कंपनी के एक और निदेशक को गिरफ्तार किया गया है। फैक्टरी के रिएक्टर में विस्फोट की घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 'अमुदन केमिकल्स' में विस्फोट से घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और वहां खड़ी कारें, सड़कें और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे।

### लालू-राबड़ी केस, 7 तक सीबीआई 'चालान' दे



**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब यानी नौकरी के बदले जमीन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआईको 7 जून तक अंतिम चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई द्वारा हर तारीख पर चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय मांगने पर भी नाराजगी जताई। लालू और उनके परिवार के सदस्य आरोपी हैं। इससे लालू और उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

### आजम व बरकत अली दोषी करार, सजा आज



**रामपुर।** यहां के डूंगरपुर बस्ती केस के एक और मामले में सपा नेता आजम खां को कोर्ट ने फिर झटका दिया है। कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है। सजा गुरुवार को सुनाई जाएगी। आजम के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में अलग- अलग 12 केस दर्ज कराए थे।

#### झामुमो सरकार के संरक्षण में बालू माफिया, लैंड माफिया गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा

# मोदी ने जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद को खत्म कर विकासवाद की राजनीति की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**झारखंड में कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ और पीए से संबंधित घर से 30 करोड़ रुपए बरामद : नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को झारखंड के सारठ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। पिछले 10 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने कर्म और तप के आधार पर लोगों के मन में ये विश्वास दिलाया कि देश बदल सकता है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की बात करके आई झामुमो सरकार के संरक्षण में बालू माफिया बालू गायब कर रहा है और लैंड माफिया सरकार और गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा है। इंडी गठबंधन सरकार के संरक्षण में घुसपैठिए आदिवासी बहनों को गुमराह कर लव जिहाद को अंजाम दे रहे हैं।

इस दौरान मंच पर दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन, सांसद सुनील सोरेन, प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और विधायक रणवीर सिंह सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



नड्डा ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए और एक मंत्री के पीए से संबंधित घर से 30 करोड़ रुपएबरामद होते हैं। ये गरीबों का पैसा है। पीएम मोदी ने इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करके गरीब का पैसा गरीब को वापस लौटाने का संकल्प लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले एक दशक में जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद को समाप्त किया और विकासवाद की राजनीति को बढ़ावा देते हुए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र के आधार पर आगे बढ़े। आज देश की राजनीति का चरित्र, परिभाषा, संस्कृति और कार्य करने का ढंग बदल चुका है। पहले जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर वोट मांगे जाते थे लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में विकासवाद और रिपोर्टकार्ड की राजनीति हो रही है। आज भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।

आज कोरोना जैसी महामारी और रूस यूक्रेन-युद्ध के कारण अमेरिका, इंग्लैंड, यूरोप, और जापान जैसे देशों की अर्थव्यवस्था कठिनाई से जूझ रही हैं, ऐसी परिस्थिति में भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 28 किमी प्रतिदिन की गति 55 हजार किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 26 हजार किमी नया रेलवे ट्रैक और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लगभग 1.5 लाख किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है। भाजपा सरकार ने देवघर में हवाई अड्डा, केंद्रीय विद्यालय और एम्स जैसी आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया है। आज जनता आसनसोल, मुंगेर और भागलपुर से रोजगार के लिए देवघर आ रही है।

नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो लाख गांवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा है और इन दो लाख गांवों में कॉमन सर्विस सेंटर खुल गए हैं। आज इन गांवों के नौजवान गांव में रहकर विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय का आवेदन पत्र भर सकता है लेकिन कांग्रेस और झामुमो ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के इस काम को भारत को अनपढ़ करार देते हुए पैसे की बर्बादी बताते थे। ये लोग नहीं जानते थे कि प्रधानमंत्री भारत के असली सामर्थ्य से बखूबी वाकिफ थे और इसीलिए आज सब्जी बेचने वाला भी डिजिटल लेनदेन करता है। आज विश्व का 40 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहा है।

# मुठभेड़ में महिला समेत दो इनामी नक्सली ढेर





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के बंदेपारा के जंगलों में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। सुरक्षाबलों ने दोनों नक्सलियों के शव के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक व नकद बरामद किया है। मारे गए नक्सली की शिनाख्त मंगलू कुडियम निवासी गुजाकोंटा मिलिशिया कमांडर व दंतेवाड़ा जेल ब्रेक आरोपी के रूप में की गई है। एक अन्य महिला नक्सली की शिनाख्त मनीला के रूप में हुई, जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। बीजापुर पुलिस ने यह जानकारी दी है।

- मारा गया नक्सली दंतेवाड़ा जेल ब्रेक का आरोपी, दोनों पर 9 लाख का था इनाम घोषित

### दो शव बरामद

सर्च अभियान के दौरान सुबह 7-8 बजे के बीच कोरंजेड़-बंदेपारा के बीच जंगल में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। सर्चिंग के दौरान 1 महिला व 1 पुरुष माओवादी के शव के साथ 7.66 एमएम पिस्टल, 12 बोर सिंगल शॉट बंदूक, टिफिन बम, जिलेटिन स्टिक, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज व 5-5 सौ रुपए के 60 नोट 30 हजार रुपए नकद बरामद किया गया।

#### अवैध खनन का मामला

# रोपड़ में 13 स्थानों पर ईडी के छापे, 3.5 करोड़ रु. जब्त

एजेंसी ⏭ रोपड़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को प्रदेश में खनन माफियों पर दबिश दी। ईडी की 13 टीमों ने खनन माफियों के करीब 28 ठिकानों पर छापामारी की।

प्रदेश के रूपनगर और होशियारपुर में इन 28 जगहों पर ईडी की 13 टीमों ने रेड कर 3.5 करोड़ रुपये की नकदी भी बरामद की। प्रदेश में खनन माफिया जोरों से काम कर रहा है, इसको लेकर केंद्रीय जांच एर्जेसियों को इनपुट मिले थे। बीते दिनों पंजाब विजिलेंस की ओर से भी प्रदेश के अलग-अलग जिलों में करीब 20 खनन माफियों के नाम सहित और इस



कालाबाजारी में शामिल अफसरों के नाम सहित डीजीपी पंजाब को इनपुट भेजे गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बीते दिनों पटियाला में पंजाब की पहली चुनावी सभा में कहा था कि प्रदेश सरकार का यहां आदेश नहीं चलता, यहां खनन माफिया, ड्रग्स माफिया और गैंगस्टरों की मनमानी चलती है।

#### राष्ट्रीय बाल भवन में समर फिएस्टा-2024 का आगाज

# पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियां भी काफी अहम

### स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने विचार व्यक्त किए

**एक माह होगा उत्सव**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन में एक माह तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन उत्सव (समर फिएस्टा)- 2024 का उद्घाटन किया। यह शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा,साक्षरता विभाग के अधीन एक स्वायत्त निकाय है।

इसकी स्थापना बच्चों में चिंतन, कल्पना, सृजनात्मकता और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।



**28 जून तक चलेगा आयोजन**

ग्रीष्मकालीन उत्सवका आयोजन 28 जून तक होना है। इस दौरान साप्ताहिक आधार पर विशेष कार्यशालाएं और कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें ओडिसी नृत्य, योग, सुलेख, संगीत गायन, खेल आदि पर सत्र शामिल होंगे। ये कार्यशालाएं बच्चों को अपने कौशल और प्रतिभा को विकसित करने और प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित की गई हैं।

**30 से अधिक प्रकार की विभिन्न गतिविधियां भी शामिल**

समर फिएस्टा -2024 में 5 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 30 से अधिक प्रकार की विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस अवसर पर संजय कुमार ने बच्चों और उनके अभिभावकों की उत्साही सभा को संबोधित करते हुए युवा मस्तिष्कों के पोषण में इस तरह के संवादात्मक और अभिनव कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य में सफल होने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

### प्रख्यात कलाकार और अतिथि भी होंगे शामिल

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में प्रख्यात कलाकार और अतिथि भी शामिल होंगे, जो इन विशेष कार्यक्रमों में अपने अनुभव साझा करेंगे और बच्चों को प्रेरित करने के लिए आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। इस पहल को शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और 2500 से अधिक बच्चे पहले ही विभिन्न कार्यशालाओं व कार्यक्रमों के लिए नामांकित हो चुके हैं। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों की सुगम पहुंच के लिए राष्ट्रीय बाल भवन की ओर से पूरी दिल्ली में परिवहन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# एचडीएफसी बैंक का फैसला, अब इस रकम के लेन देन पर नहीं आएगा एसएमएस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यदि आप निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक के ग्राहक हैं तो आपके लिए एक बड़ा अपडेट आया है। बैंक के ग्राहकों को एक निश्चित रकम से कम अमाउंट का यूपीआई ट्रांजेक्शन करने पर टैक्स्ट मैसेज नहीं मिलेगा। यह फैसला बैंक ने कर तो लिया है, लेकिन इसे तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया जा रहा है। इस निर्णय को अगले महीने 25 तारीख से लागू किया जा रहा है। एचडीएफसी बैंक की तरफ से ग्राहकों को भेजी गई जानकारी में बताया गया है कि 25 जून 2024 से आपके एसएमएस अलर्ट सेवा में कुछ बदलाव किया जा रहा है। अब यदि आप किसी को यूपीआई के जरिए 100 रुपए से ज्यादा रकम भेजते हैं, तभी एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा। आप 500 रुपए से ज्यादा रकम प्राप्त करते हैं, तभी एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा।

- इसी तरह 500 रुपए से ज्यादा रकम रिसीव करने पर ही एसएमएस आएगा
- यह फैसला आगामी 25 जून से लागू हो रहा है

## यूपीआई के जरिए 100 रुपए से ज्यादा रकम भेजने पर ही एसएमएस भेजेगा बैंक

### यूपीआई में एवरेज ट्रांजेक्शन वैल्यू कम हो रहा है

यूपीआई ट्रांजेक्शन का पिछले कुछ साल का एवरेज देखें तो इसमें कमी हो रही है। साल 2022 की दूसरी छमाही में यह 1648 रुपए था जो कि साल 2023 की दूसरी छमाही में कम हो कर 1515 रुपए हो गई। मतलब कि करीब आठ फीसदी की कमी। लेकिन यह भी उल्लेखनीय है कि छोटी रकम के लिए यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार साल 2023 में यूपीआई के जरिए लेनदेन का आंकड़ा 11.8 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।




### अभी तक क्या है व्यवस्था

अभी तक एचडीएफसी बैंक हर ट्रांजेक्शन पर आपको टेक्स्ट मैसेज भेजता है। मतलब कि जब आप कोई पेमेंट करते हैं या आपके खाते में कहीं से पैसे आते हैं तो उस बारे में तुरंत आपको एसएमएस मिलता है। चाहे यह ट्रांजेक्शन 10 रुपए का क्यों नहीं हो। अब यह व्यवस्था खत्म हो जाएगी और अगले महीने से नई व्यवस्था लागू हो जाएगी।

### ईमेल अलर्ट में क्या

बैंक ने स्पष्ट किया है कि ईमेल अलर्ट पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। ग्राहकों को सभी ट्रांजेक्शन पर पहले की तरह ईमेल अलर्ट मिलता रहेगा। बैंक ने सभी ग्राहकों को कहा है कि वे अपना इमेल अपडेट कर लें। ईमेल अपडेट करने के लिए बैंक ने सभी ग्राहकों को एक लिंक भी भेजा है।

## खबर संक्षेप

### एनएमडीसी का वित्त वर्ष 24 में ऐतिहासिक प्रदर्शन



**हैदराबाद।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सोमवार को वित्त वर्ष 24 के परिणाम घोषित किए। वित्तीय वर्ष 24 में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी ने लौह अयस्क का 45.02 मिलियन टन उत्पादन किया और 44.48 मिलियन टन बिक्री की। वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि और बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए एनएमडीसी अब भारत की पहली खनन कंपनी है जो लौह अयस्क उत्पादन में 45 मिलियन टन को पार कर गई है।

### एसजेवीएन का मुनाफा बढ़कर 61 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसजेवीएन का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत मुनाफा दोगुना से अधिक बढ़कर 61.08 करोड़ रुपये हो गया है। असाधारण आय की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 17.21 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### इमामी का लाभ 3.6% बढ़कर 146.75 करोड़

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख घरेलू कंपनी इमामी लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 3.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 146.75 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 141.62 करोड़ रुपये रहा था। इमामी लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आमदनी मार्च तिमाही में 6.61 प्रतिशत बढ़कर 891.24 करोड़ रुपये रही है।

## परिदृश्य स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक किया

# एसएंडपी ने भारत के साख परिदृश्य को ‘सकारात्मक’ किया, दो साल में सुधरेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को ‘स्थिर’ से बढ़ाकर ‘सकारात्मक’ कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है।*

भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड ‘बीबीबी-’ पर बरकरार रखा है। ‘बीबीबी-’ सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को ‘नकारात्मक’ से बढ़ाकर ‘स्थिर’ किया था।


### भारत सतर्क राजकोषीय नीति अपनाता है

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है।

### आरबीआई के लाभांश से राजकोषीय घाटा कम होगा

एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है।

- दस साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में बदलाव
- भारत की सॉवरेन रेटिंग निम्नतम निवेश ग्रेड ‘बीबीबी-’ बरकरार
- एजेंसी ने 2014 में रेटिंग परिदृश्य नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था




### राजकोषीय स्थिति हमेशा से कमजोर रही

एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

**फिच, मूडीज ने सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी**

*सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है।*

### भारत अपना आर्थिक सुधार बनाए रखेगा

एसएंडपी ने कहा, ‘सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे।’ एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है।

### सरकारी व्यय की गुणवत्ता में सुधार

एसएंडपी ने कहा,“ भारत के प्रति हमारा सकारात्मक परिदृश्य इसकी मजबूत आर्थिक वृद्धि, सरकारी व्यय की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार और राजकोषीय समावेशन के प्रति राजनीतिक प्रतिबद्धता पर आधारित है। हमारा मानना है कि ये कारक मिलकर ऋण परिदृश्य को लाभ पहुंचा रहे हैं।”

### भारत का परिदृश्य संशोधित किया गया

एसएंडपी ने कहा, “मजबूत वृद्धि और सरकारी खर्च की बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर ‘सकारात्मक’ किया गया। साथ ही ‘बीबीबी-’ दीर्घकालिक और ‘ए-3’ अल्पकालिक विदेशी तथा स्थानीय मुद्रा सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की जाती है।”

### उधार लेने की लागत पर प्रभाव पड़ता है

साख रेटिंग किसी देश के निवेश परिदृश्य के जोखिम स्तर को मापने का एक साधन है। साथ ही निवेशकों को देश की अपना ऋण चुकाने की क्षमता से अवगत कराती है। निवेशक इन रेटिंग को देश की साख के मापदंड के तौर पर देखते हैं और इसका उधार लेने की लागत पर प्रभाव पड़ता है।

# चांदी में रिकॉर्ड तेजी जारी 1,150 चढ़कर 97,100 रुपये के उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- लगातार तीसरे दिन चांदी में तेजी बनी रही
- सोना 250 रुपए चढ़कर 73,200 रुपए प्रति दस ग्राम

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई। मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी 96,493 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, राजधानी में सोना 250 रुपये मजबूत होकर 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ‘दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) की कीमतें 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव (72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम) से 250 रुपये अधिक है।’ अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,352 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से छह डॉलर अधिक है। इसके अलावा, चांदी भी 32.05 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है।


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्र: लगभग** 40–45 साल, **कद** : 5′6″, जिसने धारीदार कमीज और नीली जीन्स पहने हुए था, दिनांक 26.05.2024 को नागपाल डेयरी के पास, अंगूरी बाग, कोतवाली, दिल्ली–110006 में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 26ए दिनांक 26.05.2024 थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

थानाध्यक्ष : थाना कोतवाली, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-23977100, 23921740, 23273376, 8750870121

DP/6303/N/2024

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाम: मालूम नही, पुत्र: मालूम नही, निवासी: मालूम नही, उम्र: लगभग 55 वर्ष, कद: 5'4", रंग: गोरा, शरीर: पतला, चेहरा: अंडाकार, शरीर: सामान्य, पहनावा: सफेद रंग की शर्ट और हल्के रंग की पैंट पहने है। जो भारत नगर गंदा नाला फुटपाथ पुल पर कालू चाट भंडार, भारत नगर, सराय रोहिल्ला दिल्ली मे मृत पाया गया था। इस बाबत FIR/DD No. 87A दिनांक. 30.04.2024 थाना: सराय रोहिल्ला, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
सराय रोहिल्ला, दिल्ली
फोन नं. 011-23691106

DP/6329/N/2024


## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 183.45 अंक की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 23,110.80 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

## ओमैक्स को मार्च तिमाही में 145 करोड़ का घाटा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स लिमिटेड को बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 145.05 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आमदनी 82 प्रतिशत बढ़ी है।

## भेल का भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने हाइड्रोजन उत्पादन हेतु 50 किलोवाट एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र प्रणाली के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता (टीटीए) किया है। बीएआरसी द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक पूर्णतः सिद्ध है और इसमें स्थानीय सामग्री की प्रचूरता है। श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास), बीएचईएल की उपस्थिति में बीएचईएल की ओर से श्री के. रविशंकर, कार्यपालक निदेशक (कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन और आर एंड डी), और बीएआरसी की तरफ से डॉ. एस. अधिकारी, एसोसिएट निदेशक (नॉलेज मैनेजमेंट ग्रुप), ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। बीएआरसी के साथ इस सहयोग के माध्यम से भेल का स्वदेशी एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र प्रौद्योगिकी को रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, परिवहन आदि क्षेत्रों में अनुप्रयोग के लिए इसका व्यावसायीकरण करने का इरादा है। यह 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' और 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' में भेल के योगदान में एक और कदम होगा।

## आधार से जुड़ी वित्तीय सेवाओं को अपनाने में पूर्वोत्तर राज्य आगे

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्य और जम्मू-कश्मीर ‘आधार’ से जुड़ी वित्तीय सेवाओं को तेजी से अपना रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी पेनियरबाय की रिपोर्ट कहती है कि आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के लेनदेन मूल्य में 1,000 प्रतिशत की उच्च वृद्धि और लेनदेन की संख्या में 712 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मेघालय शीर्ष पर है। वित्त वर्ष 2023-24 में जम्मू-कश्मीर की खुदरा दुकानों में लेनदेन मूल्य में 134 प्रतिशत से अधिक और आधार-सक्षम भुगतान लेनदेन की मात्रा में 89 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। शाखा-रहित बैंकिंग एवं डिजिटल नेटवर्क प्रदान करने वाली कंपनी पेनियरबाय की ‘आत्मनिर्भर भारत-डिजिटल सशक्तीकरण’ रिपोर्ट पूरे देश में 12 लाख से अधिक खुदरा केंद्रों पर हुए लेनदेन से हासिल जानकारी पर आधारित है।

## महाप्रबंधक की संरक्षा एंव कार्य समीक्षा बैठक



नई दिल्ली। अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक बीडियों कॉन्फ्रेस के माध्यम से जुड़े हुये थे। बैठक में गर्मी की छुट्टियों के दौरान अत्यधिक यात्री भार को देखते हुए व्यापक प्रबंध और यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने एवं आगामी मानसून के मौसम में संरक्षित रेल संचालन से सम्बंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में बी अमिताभ, महाप्रबंधक ने कहा कि गर्मी के मौसम में छुट्टियों के दौरान यात्री भार अत्यधिक बढ़ जाता है, इसको देखते हुए यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए समीक्षा कर नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बें लगाने और मार्गस्थ रेलवे के साथ समन्वय कर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने की बात कही।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान

बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

### जॉब

(फ्रॉड कॉल से सावधान)
RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के- लडकियां, गृहणियां, घरबैठे कमाएं (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP करें :- 07827428113, 07679699330

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5526




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट–डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 5525 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



महाभारत और रामायण के नाम शहरों में प्रतिष्ठानों और दुकानों पर दिखाई देते हैं

# राम और रामायण के प्रति चाहत ऐसी कि बीते 60 सालों से मुस्लिम देश में हो रही रामलीला

*दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश इंडोनेशिया। यहां राम पर बैले या नृत्य नाटिका की जाती है। इस देश के जावा और बाली में रामायण बैले (नृत्य नाटिका) का आयोजन सालों से किया जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ इंडोनेशिया

भगवान राम को केवल भारत में ही नहीं पूजा जाता है बल्कि वो धरती के किसी भी कोने में रह रहे हिंदुओं के पूज्य हैं। लेकिन आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि एक ऐसा मुस्लिम देश भी है जो राम और रामायण का दीवाना है। यह है दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश इंडोनेशिया। यहां राम पर बैले या नृत्य नाटिका की जाती है। इस देश के जावा और बाली में रामायण बैले (नृत्य नाटिका) का आयोजन सालों से किया जा रहा है। यह बैले भगवान श्रीराम की कहानियों पर आधारित होता है। सबसे बड़ी बात है कि यह साल 1961 से लगातार चल रहा है। इसको पेश करने वाले सभी कलाकार


सीन-1

मुसलमान हैं। रामायण बैले में संगीत, नृत्य और नाटक का मिश्रण होता है, जिसे आमतौर पर बिना डॉयलाग के भाव भंगिमाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।


सीन-2

**रामायण बैले 2012 में गिनीज बुक में नॉमिनेट**

इंडोनेशिया (जावा और बाली) में इसे सेंद्रतारी रामायण, थाईलैंड में रामकियेन नृत्य और कंबोडिया में रीमकर नृत्य कहा जाता है। इंडोनेशिया में होने वाले रामायण बैले को 2012 में गिनीज बुक द्वारा दुनिया में सबसे ज्यादा लगातार मंचित बैले के रूप में नॉमिनेट किया गया था।


सीन-3

**यहां की भाषा में संस्कृत के शब्द**

*जावा द्वीपसमूह इंडोनेशिया के मुख्य द्वीपों में से एक है। यह देश की राजधानी जकार्ता और इसकी लगभग 60% आबादी का घर है. मजापहित का शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य लगभग 13वीं से 15वीं शताब्दी तक यहां फला-फूला, जिसने यहां की संस्कृति और भाषा पर अपना प्रभाव छोड़ा विष्णु और शिव के सम्मान में बने मंदिर द्वीपों में बिखरे हुए हैं। यहां की भाषा में संस्कृत के शब्द दिखाई देते हैं। महाभारत और रामायण के नाम शहरों में प्रतिष्ठानों और दुकानों पर दिखाई देते हैं। हालांकि, इंडोनेशिया में हिंदुओं की आबादी दो प्रतिशत से भी कम है।*

**रामायण की परंपरा एशिया के देशों में मिलती है**

रामायण पर बैले का आयोजन इंडोनेशिया के बाली में 10वीं शताब्दी में बने एक हिंदू मंदिर में किया जाता है। वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण कलात्मक प्रेरणाओं का एक स्रोत बनी हुई है। विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में जो ऐतिहासिक रूप से भारत की धार्मिक सभ्यता से काफी प्रभावित थे। रामायण बैले की परंपरा एशिया में देशों में मिलती है।

## खबर संक्षेप

### 10 अक्टूबर को अंतरिक्ष में होगी अनोखी खगोलीय घटना



**वॉशिंगटन** । इस साल अंतरिक्ष में एक नया अनुभव देखने को मिलेगा। पूर्ण सूर्य ग्रहण और ऑरोरा बोरेलिस के बाद स्काईगेजर्स के लिए एक नई खगोलीय घटना सामने आ रही है। स्काईगेजर्स को एक दुर्लभ अंतरिक्ष घटना दिखी जा सकेगी, जिसमें धूमकेतु त्सुचिनशान-एटीएलएएस (सी/2023 ए 3) शामिल है। ये रात में अपनी चमक बढ़ाने की प्रक्रिया में है। इस धूमकेतु ए 3 की ऑर्बिट मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित है।

### विधायक के बेटे का आया कनेक्शन!



**मुंबई**। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को दावा किया कि एक विधायक के बेटे समेत कुछ 'हाई प्रोफाइल' लोग पब में शराब पीकर उस पोर्श कार में सवार हुए थे। पटोले ने आरोप लगाया कि विधायक ने मामले को कवर करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया। दुर्घटना के समय कार रेस चल रही थी। सीबीआई जांच की मांग दोहराई और पुलिस से कार में मौजूद लोगों के नाम 'खुलासा' करने को कहा।

### श्रीलंका में 8 भारतीयों को पकड़ा गया



**नई दिल्ली**। श्रीलंका में एक महिला समेत आठ भारतीयों को पर्यटक वीजा दुरुपयोग में हिरासत में लिया गया है। श्रीलंका के आव्रजन अधिकारियों ने सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित करने में पर्यटक वीजा का दुरुपयोग करने के आरोप में 8 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां सिनामन गार्डन के पॉश आवासीय क्षेत्र में एक घर पर छापेमारी के दौरान पकड़ा गया था।

**जासूसी के आरोप में गिरफ्तार**

# पाक की जेल में बंद दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

> दोनों युवकों की पहचान 29 वर्षीय फिरोज अहमद लोन और 24 वर्षीय नूह अहमद वानी के रूप में हुई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने सोमवार को पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद दो भारतीय युवकों से मुलाकात की।



इन युवकों को जासूसी के आरोप में चार साल पहले गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में इन्हें उच्च सुरक्षा वाली रावलपिंडी की अडियाला जेल में शिफ्ट किया गया है। दोनों युवकों की पहचान 29 वर्षीय फिरोज अहमद लोन और 24 वर्षीय नूह अहमद वानी के रूप में हुई है।

**2018 से लापता हैं दोनों**

पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। दोनों युवक साल 2018 में जम्मू कश्मीर से लापता हुए थे। माना जाता है कि दोनों युवक गलती से सीमा पार कर गए थे, लेकिन पाकिस्तान की पुलिस ने दोनों पर जासूसी के आरोप लगाते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया था।

**जम्मू कश्मीर के निवासी हैं दोनों युवक**

पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार दोनों युवक जम्मू कश्मीर के बांदीहुराह इलाके के गोरेज इलाके के निवासी हैं। दोनों को साल 2020 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गिलगित बाल्टिस्तान इलाके से गिरफ्तार किया गया था। दोनों को हाल ही में पीओके की गिलगित बालटिस्तान जेल से रावलपिंडी की अडियाला जेल में शिफ्ट किया गया है। भारत सरकार की अपील पर पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद भारतीय नागरिकों को काउंसलर एक्सेस दिया है। इसके बाद सोमवार को भारतीय उच्चायोग और भारतीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम ने जेल में बंद भारतीय नागरिकों से मुलाकात की।

## हिंदुस्तान दुनिया के लिए निर्यात का नया हब बन रहा है

# अब चीन की धाक नहीं...70 लाख करोड़ की कमाई से भारत बनेगा दुनिया की 'बड़ी दुकान'

> *'मेक इन इंडिया' और वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियान का असर अब दिखने लगा है, जिसका सबसे ज्यादा फायदा भारत को मिलने वाला है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियान का असर अब दिखने लगा है। भारत जल्द ही दुनिया की नई दुकान बन जाएगा। जिसमें करीब 70 लाख करोड़ की कमाई होगी। चीन का शटर अब डाउन होने की राह पर है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत की ओर उठी हुई हैं।

जानकारी के अनुसार दुनिया अब चीन के अलावा भी विकल्प खोज रही है। इससे आने वाले 6 साल में ही भारत का निर्यात दोगुना हो सकता है। भारत दुनिया के लिए निर्यात का नया हब बन रहा है और इसकी बानगी निर्यात के हालिया आंकड़ों से भी समझ में आती है। साल 2023 में भारत का कुल निर्यात 431 अरब डॉलर था, जो 2030 तक दोगुना होकर 835 अरब डॉलर (करीब 70 लाख करोड़ रुपए) पहुंच सकता है। दुनिया सप्लाई चेन के लिए चीन के विकल्प के रूप में भारत और वियतनाम की ओर देख रही है। इस कदम से भारत के कॉरपोरेट सेक्टर की कमाई भी आने वाले कुछ साल तक 12 से 17 फीसदी की दर से बढ़ती दिख रही है।

**2023 में भारत का कुल निर्यात 431 अरब डॉलर**

**आने वाले 6 साल में भारत का निर्यात दोगुना होगा**



*भारत के पास काफी क्षमता है और अगर सरकार पीएलआई स्कीम पर ज्यादा दांव लगाती है*

**दुनिया की 130 कंपनियों के सर्वे में हुआ खुलासा**

नोमुरा ने दुनिया की टॉप 130 कंपनियों के बीच एक सर्वे किया है, जिसमें अधिकतर ने भारत और वियतनाम में अपनी रुचि दिखाई है। भारत में ज्यादातर निवेश अमेरिकी कंपनियों ने करने की बात कही है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में। जापान और कोरिया भारत के ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल और इलेक्ट्रॉनिक्स में निवेश की बात कही है। साथ ही यहां उत्पादन इकाई लगाने की बात भी कही है। नोमुरा का कहना है कि इस कदम से भारत के कॉरपोरेट सेक्टर की कमाई भी आने वाले कुछ साल तक 12 से 17 फीसदी की दर से बढ़ती दिख रही है।

**दो सेक्टर्स पर सबसे ज्यादा दांव**

भारत को 2 सेक्टर्स से ही करीब 143 अरब डॉलर के निर्यात की संभावना दिख रही है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र 2030 तक तीन गुना बढ़कर 83 अरब डॉलर, मशीनरी दोगुना बढ़कर 61 अरब डॉलर पहुंच सकता है। हालांकि इसके लिए सरकार को पीएलआई स्कीम का दायरा और बढ़ाना चाहिए। भारत के पास काफी क्षमता है और अगर सरकार पीएलआई स्कीम पर ज्यादा दांव लगाती है ।

**पीएलआई योजना कर रही आकर्षित**

भारत के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, खिलौने, ऑटोमोबाइल, उपकरण, कैपिटल गुड्स और सेमीकंडक्टर जैसी चीजों के निर्यात में काफी स्कोप है। विदेशी कंपनियां भी इन सेक्टर्स में निवेश करने को आतुर दिख रही हैं और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी योजनाओं से उन्हें आकर्षित करने में मदद भी मिल रही है। भारत में उपभोक्ता बाजार भी काफी बड़ा है, जिससे खपत भी लगातार बढ़ रही है। नोमुरा ने कहा है कि इन सारे फैक्टर्स को देखें तो भारत का निर्यात सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ सकता है।

**भड़काऊ भाषण से जुड़ा है मामला**

# दिल्ली दंगा केसः चार साल से जेल में बंद शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कार्यकर्ता शरजील इमाम को दिल्ली के जामिया क्षेत्र और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में कथित



रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए उनके खिलाफ दर्ज राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में वैधानिक जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की खंडपीठ ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए आदेश पारित किया कि वह अपने खिलाफ लगाए गए अपराधों के लिए आधी सजा पहले ही काट चुका है।

**चार साल बाद मिली जमानत**

*भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए शरजील इमाम को करीब चार साल बाद जमानत मिली है। फरवरी में दिल्ली की एक कोर्ट ने शरजील इमाम को वैधानिक जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद शरजील ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इमाम पर दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा दर्ज मामले में मामला दर्ज किया गया था, जिसे शुरू में देशद्रोह के अपराध के लिए दर्ज किया गया था । और बाद में यूएपीए की धारा 13 लागू की गई थी।*

### बदरीनाथ में अपर मुख्य सचिव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**भचमोली**। अपर मुख्य सचिव वित्त व सरकार की ओर से चारधाम यात्रा के लिए गठित हाई लेवल कमेटी (एचएलसी) के अध्यक्ष आनंद वर्धन ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का भी निरीक्षण भी किया। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद वर्धन मंगलवार शाम को सड़क मार्ग से बदरीनाथ आए थे और बुधवार को वह बदरीनाथ पहुंचे। उन्होंने धाम और माणा गांव में स्थानीय लोगों व तीर्थ यात्रियों से सुविधाओं को लेकर बातचीत की। बदरीनाथ में उन्होंने मंदिर में दर्शनों, पूजा पद्धति सहित अन्य शेड्यूल की जानकारी भी है।




**रुद्रम-2 पांच मीटर की सटीकता से मार कर सकती है**

# भारत ने किया हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रुद्रम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार इस मिसाइल को सु 30 एमकेआई फाइटर जेट से लांच किया गया। इस परीक्षण के दौरान कंट्रोल एंड गाइडेंस, इलेक्ट्रो आप्टिकल सिस्टम, रडार और टेलिमेट्री स्टेशंस की भी जांच की गई। परीक्षण के दौरान मिसाइल के प्रोप्लशन सिस्टम, कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम, राडार और टेलिमेट्री स्टेशंस की जांच की गई। फ्लाइट डेटा कई स्टेशनों पर तैनात राडार से मिलाया गया। यह ऐसी मिसाइल है, जो दुश्मन के किसी भी तरह के एसेट यानी हथियार, बंकर, जहाज, विमान, आयुध डिपो को उड़ा सकती है।

> *मिसाइल प्रपल्शन प्रणाली, नियंत्रण और पथ-प्रदर्शन से संबंधित आंकड़ों की सटीकता पर खरी उतरी। इसके साथ ही मिसाइल ने परीक्षण के सभी उद्देश्यों को पूरा किया।*



**रफ्तार और सटीक निशाने का जवाब नहीं**

रुद्रम-2 की कुल लंबाई 18 फीट है। यह करीब 155 किग्रा वजन लेकर उड़ान भर सकता है। इसकी रफ्तार बेहद की खतरनाक है। यह ध्वनि की गति से पांच गुना ज्यादा की रफ्तार से उड़ान भर सकती है। इसकी रेंज 300 किमी है। यह 3 से 15 किमी तक की ऊंचाई तक जा सकती है। निशाना साधने की क्षमता भी गजब की है। यह 5 मीटर की सटीकता से मार कर सकती है।

### केएच-31 पीडी से की जा रही तुलना

यह एक एंटी रेडिएशन मिसाइल है, इसे राडार सिस्टम, सेटैलाइट, एयर डिफेंस सिस्टम, रेडियो फ्रिक्वेंसी सिस्टम या किसी अन्य संचार सिस्टम से पकड़ा नहीं जा सकता। इसे भारत की नई सुपर किलर मिसाइल कहा जा रहा है। इसकी तुलना रूस की बेजोड़ मिसाइल केएच-31पीडी से की जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109